वर्ष- 22 अंक - 66 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

## आतंकियों का मददगार बिहार में गिरफ्तार

**मंगलवार.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध आतंकी मोहम्मद जफर को बिहार में गिरफ्तार किया है। आरोपी मदरसे के नाम पर चंदा इकट्ठा कर पाकिस्तान में आतंकी संगठन को भेजता था।

### इंदौर में दिल दहला देने वाला दोहरा हत्याकांड

# पत्नी की हत्या कर बच्चों को तालाब में फेंका, बेटी की मौत

» *10 साल के बेटे ने डूबकर मरने का नाटक कर बचाई जान*

» *पत्नी पर चरित्र शंका में दिया ड्रायवर पति ने घटना को अंजाम*

» *एसडीआरएफ की टीम ने रात 3 बजे तालाब से निकाला बच्ची का शव*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

शहर के कनाडिया थाना क्षेत्र में देर रात दिल दहला देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। पेशे से ड्रायवर ने अपनी पत्नी की चरित्र शंका में पहला गला घोंटकर हत्या की और फिर चाकू से वार किया। इसके बाद 13 वर्षीय बेटी और 10 वर्षीय बेटे को हिंगोनिया तालाब में ले जाकर फेंक दिया। तालाब में डूबने से बेटी की मौत हो गई जबकि बेटे ने सूझबूझ दिखाई और मरने का नाटक किया और फिर अपनी जान बचा ली, जिसके बाद वह गांव पहुंचा और



एफआरवी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पहले आरोपी पति सुनील को हिरासत में लिया जिसके बाद उसकी पत्नी अनिता का शव बरामद किया और फिर तालाब में रेस्क्यू कर बेटी माही का शव रात 3 बजे बाहर निकाला। बेटे अजय को जब सुनील ने तालाब में जिंदा फेंका तो उसने मरने का नाटक किया और फिर मौका पाते ही जैसे-तैसे बाहर निकला और पुलिस एवं ग्रामीणों को घटना की सूचना दी जिसके बाद मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे।

विस्तृत पेज 12 पर



## अमेरिका को भारत से सीखने की जरूरत

### भारतीय चुनावी सिस्टम के कायल हुए ट्रंप

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए 'सेव अमेरिका एक्ट' को पास कराने की अपील की है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में लिखा- इस महीने की शुरुआत में, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा था कि अमेरिका में वैध फोटो आईडी के बिना चुनाव कैसे हो सकते हैं? ट्रंप ने भारत के चुनावी सिस्टम की तारीफ करते हुए अमेरिका में भी चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने पर जोर दिया है।

## आंध्र प्रदेश में 8 मछुआरे लापता

**मंगलवार.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के अंबेडकर कोनसीमा जिले में समुद्र में मछली पकड़ने गए आठ मछुआरे लापता हो गए। इनकी नाव ओडलारेवु से 3 अगस्त को वैनेतेय नदी और समुद्र के संगम के रास्ते रवाना हुई थी। मछुआरों के पास करीब 15 दिनों का राशन और डीजल था। उन्हें 13 अगस्त तक वापस लौटना था, लेकिन तय समय के बाद भी नाव नहीं लौटी और मछुआरों से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

## इमारत गिरी, महिला की मौत, कई घायल



**कोलकाता.एजेंसी.** कोलकाता के जोरबागान इलाके में आज सुबह एक इमारत भरभराकर गिर गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए। इनमें से कई को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है।

## 22 लोगों को फांसी देने वाले जज की सुरक्षा को खतरा

**मुजफ्फरनगर.एजेंसी।** केवल 129 दिनों में 9 चर्चित मामलों में 22 लोगों को फांसी की सजा सुनाने वाले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-3 के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा जताया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर प्रतिसार निरीक्षक पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है। पत्र में जज ने कहा है कि प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह ने उनकी सुरक्षा में तैनात गनर कांस्टेबल रविंद्र सिंह ठकुरैला को बिना किसी कारण और बिना उनकी अनुमति के हटा दिया।

## भोपाल में टैक्सी हड़ताल से यात्री परेशान

**भोपाल.एजेंसी।** एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ टैक्सी चालक संघ की हड़ताल के चलते भोपाल में रात 12 बजे से ओला, उबर समेत अन्य कैब का संचालन बंद है। आज सुबह भोपाल रेलवे स्टेशन पर इसका सीधा असर दिखाई दिया। यात्रियों ने ऑनलाइन कैब बुक करने की कई बार कोशिश की, लेकिन गाड़ियां बुक नहीं हुई। ऑटो चालक भी अब दो गुना किराया मांग रहे हैं।

## हरदा में घर में गड्ढे से मिला बच्चे का कंकाल

**हरदा.एजेंसी।** हरदा जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम गहाल में पांच साल के बच्चे के लापता होने के करीब एक सप्ताह बाद उसके कंकाल के अवशेष घर के अंदर बने गड्ढे से बरामद हुए। मकान से दुर्गंध आने पर कंकाल का पता चला। बच्चा एक हफ्ते से लापता था। पुलिस ने बच्चे के चाचा को हिरासत में लिया है।

# भीषण टक्कर, 8 मजदूरों की मौत, 25 घायल

### *भिंड में रात के अंधेरे में गायों के झुंड को बचाने के चक्कर में डंपर से टकराई पिकअप*





**भिंड ● एजेंसी**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर-भिंड नेशनल हाईवे (एनएच-719) पर छीमका गांव के समीप आधी रात को मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी और डंपर के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस भयानक दुर्घटना में 8 मजदूरों की जान चली गई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो अपना काम खत्म कर घर वापस लौट रहे थे। हाईवे के बीचों-बीच गायों का एक झुंड बैठा हुआ था। सड़क पर बैठी इन गायों को बचाने के प्रयास में ही पिकअप चालक ने नियंत्रण खो दिया। गाड़ी सीधे सामने से आ रहे डंपर से जा टकराई।

## चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय-अनिल मिश्रा को क्लीन चिट

**अयोध्या.एजेंसी।** राम मंदिर दान चोरी के विवाद के बीच एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और पूर्व सदस्य अनिल मिश्रा को क्लीन चिट दे दी गई है। इस रिपोर्ट में कुल 8 लोगों के नाम हैं, जिनको पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# भाजपा नेता गोयल का जन्मदिन समर्थकों ने मनाया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि। विधानसभा 5 से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गोयल का अवतरण दिवस भाजपा नेताओं और समर्थकों के बीच ढोल-धमाका, केक काटकर फूल मालाओं से लादकर मनाया। दिन भर में कई केक काटे गए, कई जगह स्वागत के आयोजन हुए। विधायक महेन्द्र हार्डिया, उमेश मंगरोला, मलखान कटारिया, अप्पी मीणा, पूर्व पार्षद कमल यादव, चंकी कुमावत, राजेश कुमावत, मनोज खांडे, राकेश डाकसे, रामकिशन जोशी, संतोष यादव, मुजीब खान, सुनील ओछट, धर्मेंद्र डाकसे, बबलू राठौर, प्रणव मंडल, कैलाश पिपले, सुनील वर्मा, मोहन राठौर, मनोज गोयल, मुकेश गोयल, पंकज चौबे, विक्की परमार, राकेश गोयल, कमल प्रजापत, दिलीप रघुवंशी, पंकज चौधरी, प्रमोद रघुवंशी, दिलीप नागराज, पिंटू पंवार, आनंद रैकवार, मनोज कुमार, दयालु, भानु जोशी, सुनील सोलंकी, महेश मीणा, सुभाष ठाकुर, कमलेश पिपलाज, प्रकाश पालीवाल, दिनेश गोमे सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री को महिला ने भेंट किया हस्त निर्मित चित्र



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अटल पथ लोकार्पण के कार्यक्रम में पहुंचे तो वहां विश्वकर्मा नगर की रहवासी दीपिका शर्मा ने अपने हाथों से बना मुख्यमंत्री का पोर्ट्रेट चित्र मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने दीपिका शर्मा द्वारा बनाए गए इस चित्र को सहर्ष स्वीकार किया और कहा कि यह स्मृति मेरे लिए स्मरणीय रहेगी।

# चावड़ा के जन्मदिन पर 10 लाख का निर्माण तोहफा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने अपने जन्मदिन के तोहफे के रूप में सेवा संकल्प के तहत भाजपा कार्यालय निर्माण के लिए 10 लाख का चेक वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सौंपा। मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक उषा ठाकुर, मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन



गुप्ता, जीतू जिराती, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, गोपालसिंह चौधरी, देवराज सिंह परिहार जिला महामंत्री अन्तर दयाल,रामस्वरूप गहलोत, पुंजालाल निनामा, कार्यालय मंत्री चंकी शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय सहित भारतीय जनता पार्टी जिले के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेताओं ने की यातायात सिंग्नल की मांग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कांग्रेस नेता सुनील यादव और संजय अरोरा ने बताया कि रिंग रोड स्थित पिपलिया राव चौराहा इन दिनों यातायात सुरक्षा को लेकर चिंता का विषय बना हुआ है। आसपास बड़ी संख्या में रहवासी क्षेत्र होने के कारण चौराहे पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। यहां ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने से कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है, पूर्व में भी इस चौराहे पर दुर्घटनाएं हो चुकी है। यातायात नियंत्रण के लिए निरीक्षण कर तत्काल ट्रैफिक सिग्नल लगाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही सिग्नल लगने तक यातायात पुलिस की व्यवस्था एवं राहगिरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं।



# यात्रा में कांग्रेस नेता रहे मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल विधानसभा एक के प्रभारी दीपू यादव ने अपने पिता पूर्व विधायक स्व. रामलाल यादव भल्लू द्वारा शुरू की गई बाणेश्वर यात्रा निकाली। तामझाम और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूर्व मंत्री अरुण यादव भी विशेष रूप से इस यात्रा में शिरकत करने पहुंचे थे और उन्होने कांग्रेस नेता श्याम यादव, विजेन्द्रसिंह चौहान, शंकर नैनावा, योगेन्द्र मौर्य, प्रेम वर्मा, वीरेन्द्र यादव के साथ बाबा बाणेश्वर भगवान के दर्शन और पूजन का लाभ भी लिया। क़ई कांग्रेस नेता और भाजपा नेता के साथ यादव समाजजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सदभावना दौड़ का आयोजन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त क़ो सुबह 8 बजे से चोइथराम अस्पताल माणिकबाग से राजीव गांधी प्रतिमा तक कांग्रेसी सफेद वस्त्र में सदभावना दौड़ का आयोजन करेंगे। कांग्रेसी कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और पार्षद पति सादिक खान ने उक्त जानकारी दी।

# क़ांग्रेस नेता ने उठाया होर्डिंग का मुद्दा





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव गजेन्द्र वर्मा ने इन्दौर विमानतल के सामने लगे सांसद शंकर लालवानी के होर्डिंग का मुद्दा उठाया और कहा कि पूरे शहर को भाजपाइयों ने पोस्टर से पाट रखा है। भाजपा की निगम परिषद और अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए है। गजेन्द्र वर्मा ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से प्रश्न किया कि क्या वे सांसद और भाजपा के लगे अवैध होर्डिंग हटवाएंगे।

# 251 युगलों ने किया पार्थिव पूजन

## मंत्री ने किया शुभारम्भ





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था शरणागति, श्रीमद्भागवत सेवा भक्त मंडल के तत्वावधान में बाबाश्री रिसोर्ट परिसर में आयोजित शिव आराधना महोत्सव के दिव्य अनुष्ठान शुभारम्भ अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह मौजूद रहे। 251 युगलों ने पार्थिव पूजन, किया। लाखन सिंह, गणेश प्रसाद गोयन, चयन अग्रवाल, विनय शर्मा, दिनेश सोनी, राजकिशोर शर्मा, धर्मेश शास्त्री ने बताया कि स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती ने आशीर्वचन भी दिए।

# लेनदेन कर नियम विपरित प्रवेश-कांग्रेस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भाराछासं के पूर्व पदाधिकारी कांग्रेस नेता जीतू दीवान ने बताया कि सीईयूटी के माध्यम से विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश देने के मामले में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लेनदेन कर भ्रष्टाचार करके नियम विपरीत एडमिशन दिए गए हैं। अभी तक सीईयूटी की तीन काउंसलिंग हो चुकी है। इसमें राजनीतिक दबाव प्रभाव और बड़े-बड़े रिकमेंड के बल पर पैसों का लेनदेन हुआ है। योग्य विद्यार्थियों के बजाय अयोग्य विद्यार्थियों को प्रवेश दिए गए हैं। सबसे ज्यादा धांधली सीएलसी राउंड में हुई है इसके सबूत मेरे पास पूरे हैं। इसकी संपूर्ण जानकारी मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रमुख सचिव को दस्तावेज सहित देकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी ताकि शिक्षा की प्रवेश पारदर्शिता बनी रहे।



## भाजपाइयों ने जलाए पटाखे, बांटी मिठाई

इंदौर। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इंदौर सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ भाजपा नेता पदाधिकारी बने तो भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर पटाखे जलाए और मिठाई भी बांटी। भाजपा नेता सुनील पुरोहित, ललित यादव, सुमित गर्ग, राहुल प्रजापति, यश सैनी, सुनील प्रजापति, सुदीप पाठक, पीयूष यादव सहित जश्न में मौजूद रहे।

# सांसद बनी भाजपा की मंत्री तो हुआ सम्मान

## जन्मदिन पर मिला था तोहफा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर जिले से जुड़ी राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार को भाजपा संगठन में राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी नितिन नवीन की टीम में मिली तो कल उनका विमानतल पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि कल ही कविता पाटीदार का जन्मदिन था, वे 52 वर्ष की हो चुकी है। उनके पिता भेरूलाल पाटीदार भाजपा के वरिष्ठ नेता रहने के साथ प्रदेश सरकार में पूर्व में मंत्री रह चुके हैं। प्रदेश संगठन में भी कविता पाटीदार जिम्मेदारी निभा चुकी है। विमानतल पर सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावड़ा सहित अन्य ने अभिनन्दन किया।

# विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं रही मौजूद

## कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मनकामनेश्वर महादेव मंदिर रॉयल रेसीडेंसी ओम श्री कालोनी से कावड़ यात्रा का आयोजन किया। भाजपा से जुड़ी मीनू भदौरिया के मार्गदर्शन में माँ नर्मदा का जल एकत्रित कर कावड़ में भरा गया। विधायक उषा ठाकुर, भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष रीता उपमन्यु, वर्तमान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी भी पहुंची। आयोजन से कई भाजपाई महिला और अन्य भाजपाई भी जुड़े रहे। प्रेरणा यादव, कंचन लोने, विनीता भिलाई, चांदनी यादव, रानी, रायबहादुर, सरदार मालवीय, नवीन तिवारी, अजय चौधरी, क्रांति वर्मा, योगेश चौहान, आकाश पाठक, लाल पांडे, गोविंदा शेखावत, अनिल ठाकुर, जगदीश जोशी, राजेंद्र चौहान, मिट्ठू सूर्यवंशी, राजाराम गुर्जर, बहादुर गुर्जर, संतोष गुर्जर, राधे गुर्जर, पवन पथरिया मौजूद थे।

# गांधी भवन के मुखबिर को ढूंढ रहे हैं कांग्रेसी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इन दिनों गांधी भवन में मुखबिरी, जासूसी की खबर जोरों पर है। कौन पल-पल की जानकारी भाजपाइयों को दे रहे हैं और बाद में भाजपाई मुद्दा बनाकर सोशल मीडिया से खबरें वायरल कर रहे हैं। गांधी भवन की छोटी-छोटी बातों को तूल दिया जा रहा है और राई का पर्वत बनाया जा रहा है। ऐसा अब कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारी और अन्य कांग्रेसी भी कह रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इस मुद्दे पर बैठक की और फोन पर भी आपसी चर्चा कर तीन कांग्रेस नेताओं को शंका के दायरे में लिया है और एक नाम गांधी भवन के कर्मचारी का भी लिया जा रहा है, कहा यह जा रहा है कि एक नेता ऐसा है जो बड़े नेताओं से भी जुड़ा है और दोपहर में यह तीन कांग्रेसी गांधी भवन पहुंचते हैं जब पदाधिकारी नहीं होते हैं उस दौरान कर्मचारियों से कमजोरी पूछी जाती है और उस राई को पर्वत बनाने के लिए भाजपाइयों को परोस दिया जाता है। कुल मिलाकर कांग्रेस की खबर की झाड़ी की जाती है तो कुछ भोपाल और दिल्ली से आए कागजातों को भी चेक किया जाता है। कांग्रेस खबर जारी करे उसके पहले भी भाजपा और मीडिया को यह खबर दे दी जाती है और भाजपाई जिन्हें केवल कांग्रेस की कमजोरी पर लगाया गया है वे उस खबर को बड़ा बनाकर या तो मीडिया में या सोशल मीडिया में चला देते हैं। कांग्रेस ने इन तीन कांग्रेस नेताओं को चिह्नित कर रखा है, केवल कर्मचारी पर हाथ डालकर इन तीन नेताओं के नाम लिखित रूप से लिखवाने की जुगत की जा रही है। कोशिश की जा रही है कि कैसे भी उनकी कॉल डिटेल निकल जाए, जिससे भाजपा नेता से बात करने का डिटेल भी मिल जाए,

**भाजपा नेता को कौन दे रहा है पल-पल की जानकारी, तीन नामों पर संदेह, वरिष्ठ नेताओं के साथ भोपाल भी भेजी गई जानकारी**

दो दिन पहले ही झंडावंदन के दौरान वंदे मातरम के गीत को सेवादल के गीत के साथ जोड़ा था और उसे लम्बा बनाकर मीडिया में गलत तरीके से प्रस्तुत कर दिया। इसके पहले ट्रस्ट के ताला तोड़ने की खबर उड़ाई थी। नेहरू प्रतिमा से अम्बेडकर प्रतिमा तक राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुद्दे पर जो यात्रा निकली गई थी उसमें भी कम उपस्थिति की खबर चलाई थी, भारत छोड़ों आन्दोलन में भी खबरें उलटी-सीधी दी गई थी। दीपक जोशी पिन्टू और चिन्टू चौकसे के विवाद को भी बढ़ा-चढ़ाकर इन्हीं नेताओं की तिकड़ी ने बढ़ा चढ़ा दिया था। गांधी भवन में कार्य कराया जा रहा है वह काम भी बीच में रूका तो हवा उड़ा दी थी कि ठेकेदार को पैसे नहीं दिए इसलिए काम बंद हो गया। अब देखना होगा कि कांग्रेस ने गांधी भवन के मुखबिर और जासूस चिह्नित तो कर लिए हैं और इनकी जानकारी भोपाल तक दे दी गई है, लेकिन उन्हें कब पकड़ा जाएगा और कब सार्वजनिक किया जाएगा इसका इंतजार अब कांग्रेसी भी कर रहे हैं। शहर कांग्रेस ने कुछ भरोसे के कांग्रेसियों को भी पीछे लगाया है कि यह तीन कांग्रेसी कब भाजपाई से मिल रहे हैं और उनके साथ चाय-नाश्ता कर रहे हैं, उनके वीडियो फुटेज भी जुगाड़ने की कोशिश की जा रही है, जिससे इन्हें नोटिस दिया जा सके और जरूरत पड़ी तो कांग्रेस से बाहर भी निकाला जा सके। इधर एक कर्मचारी जो मुखबिरी का काम कर रहा है उसे भी आज से टाइट करने का काम किया जाएगा।



## व्याख्यान में मौजूद रहे भाजपाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें संत और भाजपाई मौजूद रहे। ज्योति तोमर, उदयराजे होलकर ने बताया कि अहिल्या स्मृति सदन राजवाड़ा पर यह व्याख्यान हुआ। संत कृष्ण गोपालदास महाराज ने जानकारी भी दी। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, उदयराजे होलकर, डॉ. संध्या चौकसे, संजय दुबे, अर्चला गंधे, वृंदा गौड, निशा यादव, सुषमा पटेल, वैशाली उद्धरेषे, अर्पिता सिकरवार, शरयू वाघमारे ने अपनी भूमिका निभाई।

# कांग्रेस के 250 जिम्मेदारों को होटल में ठहराया जाएगा

## दो दिनों तक चलेगा प्रशिक्षण, बड़े नेता भी रहेंगे मौजूद

### निगम में होने वाला प्रदर्शन को बढ़ाया आगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस और निगम नेता प्रतिपक्ष मिलकर 19 अगस्त को निगम पर जन समस्याओं को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन करने वाले थे। कांग्रेस ने बड़े लक्ष्य को लेकर अभी यह प्रदर्शन कुछ दिनों के लिए निरस्त किया है, आगामी दिनों यह प्रदर्शन किया जाएगा। अभी तो शहर और जिला कांग्रेस मिलकर वार्ड और ब्लॉक के साथ विधानसभा प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर 21 और 22 अगस्त को निर्वाणा होटल एमआर-10 ब्रिज पर आयोजित कर रही है। महत्वपूर्ण बात यह होगी कि 21 अगस्त की सुबह 9 बजे के पहले सभी वार्ड, ब्लॉक अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारियों को पहुंचना होगा और इनकी छुट्टी करीब 36 घंटे बाद दूसरे दिन 22 अगस्त की शाम भोजन के बाद होगी। इंदौर के 9 विधानसभा प्रभारी के अलावा जो प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा प्रभारी बना रखे हैं वे 9 विधानसभा प्रभारी भी मौजूद रहेंगे और इंदौर से जुड़े वे कांग्रेस नेता जो बाहर के विधानसभा प्रभारी हैं वे भी मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी महेन्द्र जोशी को दी गई है। वहीं इस शिविर में जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, उषा नायडू उद्बोधन देंगे। अलग-अलग सत्रों में यह प्रशिक्षण होगा। दोनों दिन सुबह नाश्ता, दोपहर और शाम को खाना और शाम के पहले हाई-टी का आयोजन भी होगा। कुल मिलाकर अनुशासित प्रशिक्षण शिविर करने की कोशिश कांग्रेस ने की है। रात में किसी भी कांग्रेसी को बाहर नहीं जाने दिया जाएगा, होटल में ही यह कांग्रेसी रूकेंगे। इस मामले में चिंटू चौकसे ने पुष्टि की है और कहा है कि करीब 250 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहेंगे, वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। शहर और जिला अध्यक्ष चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े और दोनों संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, डॉ. दौलत पटेल भी मौजूद रहेंगे।

## बिजली समाधान जागरूकता शिविर की उठाई कांग्रेस ने मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने विद्युत मंडल से मांग की है कि सभी विद्युत झोन पर तत्काल प्रभाव से बिजली समाधान व जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाए, जहां अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर बिलिंग एवं लोड संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण करें। उपभोक्ताओं को लोड सुधार और मंडल के नियम की सही जानकारी दी जाए, जिससे जनता अवैध चालानी कार्रवाई और भ्रष्टाचार से बच सके। अघोषित विद्युत कटौती पर तुरन्त लगाम लगाई जाए। यह मांग भी बाकलीवाल ने विद्युत मंडल अधिकारी से की है।

## ईद मिलादुन्नबी पर अवकाश की मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका के लिए 24 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। मुस्लिम समाजजन ईद मिलादुन्नबी का पर्व 26 अगस्त को मना रहे हैं। इसलिए घोषित अवकाश 24 अगस्त की जगह 26 अगस्त किया जाए। यह अनुरोध कचोलिया ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति महोदय से किया है।

# नवकारसी विवाद में ट्रस्ट की कार्यशैली पर उठे सवाल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भगवान नेमिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक अवसर पर श्री अजितनाथ जैन लाल मंदिर की ओर से प्रस्तावित नवकारसी आयोजन को लेकर श्री वर्धमान तप आयंबिल खाता ट्रस्ट, महावीर मार्ग पीपली बाजार में अनुमति को लेकर विवाद की स्थिति सामने आई। घटनाक्रम के बाद समाज में धार्मिक आयोजनों के प्रति जिम्मेदारों की भूमिका और आपसी समन्वय को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार लाल मंदिर के स्वयंसेवक नवकारसी के आयोजन के लिए आयंबिल खाता भवन पहुंचे थे। स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया कि उनकी पुण्यपाल से पूर्व चर्चा हुई है और आयोजन की सहमति मिल चुकी है। इसी दौरान संस्था के जिम्मेदारों की ओर से आपत्ति सामने आने की बात भी कही जा रही है। स्वयंसेवकों के अनुसार अनुमति को लेकर बातचीत के दौरान यह कहा गया कि यहां आयंबिल चल रहे हैं, इसलिए नवकारसी संभव नहीं है। इससे नवकारसी के लाभार्थियों और लाल मंदिर ट्रस्ट मंडल में निराशा की स्थिति बनी।

मामला सामने आने के बाद आयंबिल खाता के एक अन्य जिम्मेदार राजकुमार सुराणा से अक्षय जैन ने चर्चा की। मामला सुर्खियों में आने का भय विवाद तूल पकड़ने की स्थिति संभावना देख उन्होंने कहा कि उनके अनुसार लाल मंदिर के दो स्वयंसेवक पटवा डांगी वहां आए थे और बातचीत में पुण्यपाल का नाम लिया गया, जिसके बाद मामला उलझ गया। हालांकि पदाधिकारी ने विवाद को बढ़ाने के बजाय समाधान का रास्ता निकाला और नवकारसी का आयोजन आयंबिल खाता उपाश्रय भवन में करने की सहमति दी।

### नाम और अनुमति से बड़ा है धार्मिक आयोजन

घटना ने समाज के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा किया है कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में आपसी संवाद और समन्वय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए या पद और अनुमति का प्रश्न बड़ा बनाया जाना चाहिए। भगवान नेमिनाथ के कल्याणक जैसे अवसर पर नवकारसी का आयोजन किसी व्यक्ति विशेष का कार्यक्रम नहीं, बल्कि धार्मिक भावना से जुड़ा पुण्य कार्य है ऐसे में यदि आयोजन को लेकर मतभेद पैदा होते हैं तो जिम्मेदारों से अपेक्षा रहती है कि वे संवाद के माध्यम से समाधान निकालें। समाज में यह चर्चा भी तेज है कि धार्मिक संस्थाओं की जिम्मेदारी केवल व्यवस्थाएं संचालित करना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना और सहयोग का वातावरण बनाना भी है। किसी धार्मिक आयोजन में छोटी-सी बात को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना देने से अनावश्यक विवाद पैदा होते हैं।

### जिम्मेदारों से आत्ममंथन की अपेक्षा

इस पूरे घटनाक्रम ने श्री वर्धमान तप आयंबिल खाता ट्रस्ट के जिम्मेदारों की कार्यशैली को लेकर आत्ममंथन की जरूरत सामने रखी है। सभी जिम्मेदारों से समाज की अपेक्षा है कि भविष्य में धार्मिक आयोजनों को लेकर संवाद और समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट हो, ताकि किसी पुण्य आयोजन में अनावश्यक अड़चन या विवाद की स्थिति पैदा न हो। समाजिक उत्थान ओर कल्याण के उद्देश्य से गठित ट्रस्ट को अपनी निज प्रतिष्ठान की तरह संचालित नहीं करना चाहिए। इस घटनाक्रम को सार्वजनिक करने का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को कटघरे में खड़ा करना नहीं, बल्कि समाज में यह संदेश देना है कि धर्म के क्षेत्र में पद से अधिक महत्वपूर्ण विनम्रता, संवाद और सेवा की भावना है। भगवान नेमिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक का अवसर त्याग और वैराग्य की प्रेरणा देता है। ऐसे अवसर पर समाज के जिम्मेदारों से भी अपेक्षा है कि वे अहंकार नहीं, समन्वय; आदेश नहीं, संवाद और अधिकार नहीं, सेवा को प्राथमिकता दें।

# खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकले 1.76 करोड़

## पिछली बार से 39 लाख रु ज्यादा मिलें, सिक्कों की गिनती बाकी

### पुजारियों द्वारा रखे गए पात्रों को हटवाने का दिखा असर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गणेश मंदिर की दान पेटियों से 1.76 करोड़ रुपए की राशि निकली है, जो कि पिछली बार की तुलना में 39 लाख रुपए ज्यादा है। अभी सिक्कों की गिनती बाकी है।**

खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों की राशि की गिनती पिछले एक सप्ताह से चल रही है। बताया जाता है कि लगभग तीन माह के अंतराल में खोली गई दान पेटियों से अब तक एक करोड़ 76 लाख की दान राशि निकल चुकी है। जबकि अभी 2-3 लाख की चिल्लर की गिनती होना बाकी है। बताया जाता है कि पिछली बार भी तीन माह के अंतराल में खोली गई दान पेटियों से एक करोड़ 37 लाख की दान राशि निकली थी। इस बार पिछली बार से 39 लाख रुपए की राशि ज्यादा निकल चुकी है।

जिला कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा द्वारा पिछले पिछले माह मंदिर में पुजारियों द्वारा रखे जाने वाले पात्रों को हटवा दिया गया है। इसका सीधा असर दान



पेटियों से निकलने वाली राशि पर पड़ा है। बताया जाता है कि पुजारी परिवारों को प्रबंधन समिति के द्वारा प्रतिमाह पूजा पाठ के एवज में प्रत्येक परिवार को पौने दो लाख रुपए की राशि दी जाती है। इसके बावजूद भी मंदिर विधान को दरकिनार कर पुजारियों द्वारा पात्र रखकर दान राशि ली जा रही थी। जिस पर कलेक्टर ने सख्ती से रोक लगा दी। दान पेटियों से निकली राशि से मंदिर के विकास कार्य किए जाते हैं।

### वाहन पूजा की रसीद सख्ती से कटे तो बढ़ जाएगी राशि

महानगर का रूप ले रहे इंदौर में रोजाना टू-व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर और बड़े वाहन तक खरीदे जाते हैं और इनमें से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खजराना गणेश पूजा के लिए पहुंचते हैं। वाहनों की पूजा करवाने के लिए मंदिर समिति द्वारा रसीद काटी जाती है लेकिन कई बार यह व्यवस्था प्रभावित हो जाती है और पूजा करने वाले पुजारियों को इसका लाभ मिलता है। ऐसे में अगर वाहन पूजन की रसीद पर सख्ती की जाए तो दान राशि में भी बढ़ोत्री होगी।

# निगम के 17 इंजीनियरों के कामकाज में फिर फेरबदल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने एक आदेश जारी कर निगम के 17 इंजीनियरों के कामकाज में फेर से फिर बदल कर दिया है। हाल के दिनों में यह तीसरा मौका है जब इंजीनियरों के कामकाज में बदलाव किया जा रहा है।**

निगम आयुक्त द्वारा कल एक आदेश जारी किया गया। इस आदेश के माध्यम से 17 इंजीनियरों के कामकाज में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत हर्ष जैन को जोनल कार्यालय क्रमांक 9 पंचम की फ़ेल का जोनल अधिकारी बना दिया गया है। अब तक की जिम्मेदारी को निभा रहे अभिषेक सिंह को इस जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए जन कार्य विभाग में मुख्यालय में सहायक यंत्री के रूप में तैनात किया गया है। अधिकारी के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायत तथा निगम आयुक्त के द्वारा किए जा रहे निरीक्षण के दौरान पाई जा रही लापरवाही के चलते हुए उन्हें मैदानी काम से हटाकर कार्यालयीन काम में लगा दिया गया है। इस आदेश में कई इंजीनियरों के कामकाज में सामान्य परिवर्तन करते हुए उन्हें एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इंजीनियर सुमित अस्थाना को स्वच्छ भारत मिशन के साथ पुल प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी भी दे दी गई है। इस तरह से उनके काम का वजन बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही पियूष मावी को अब वार्ड क्रमांक 22 में सब इंजीनियर बना दिया गया है। अब तक वह जोन क्रमांक 1 एवं 17 के क्षेत्र में भवन अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। उनके काम से असंतोष होने के कारण उन्हें इस जिम्मेदारी से हटाकर एक वार्ड तक सीमित कर दिया गया है। निगम आयुक्त के द्वारा इस आदेश में मयंक पवार को इन दोनों जोनल कार्यालय क्षेत्र के भवन निरीक्षक का काम देकर मैदान में उतार दिया गया है।

# महिला की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए पालीवाल समाजजन सौपेगा ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पालीवाल ब्राह्मण समाज से जुडे पदाधिकारी आज पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपेंगे। संतोष टपरावत ने बताया कि उनकी बहन अमिता पुरोहित की बीते माह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उन्होने इस मामले में अमिता के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है। समाजजनों में इस मामले की जांच कर रही एमजी रोड पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष है, इसलिए वे पुलिस कमिश्नर से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपेंगे। समाजजनों की मांग है कि इस मामले में एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच की जाएं।

# महापौर परिषद की बैठक आज होगी

### बैठक के एजेंडा पर सहमति बनाने के लिए हुई एक दिन पहले बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक आज होने जा रही है। इस बैठक के एजेंडा पर सहमति बनाने के लिए एक दिन पहले सभी सदस्यों की अनौपचारिक बैठक भी हो गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा आज यह बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक के कार्य सूची में 65 प्रस्ताव रखे गए हैं। इतनी भारी भरकम कार्य सूची होने के कारण सदस्यों के द्वारा विषयों पर अध्ययन करने के लिए समय मांगा गया था। इसी कारण से पिछले दिनों इस बैठक को स्थगित कर दिया गया था। अब आज होने जा रही बैठक में सबसे बड़ा विवाद का चर्चित मुद्दा अवैध कॉलोनी के मकान का संपत्ति कर खाता खोलने और सरकारी जमीन पर किए हुए निर्माण से भी संपत्ति कर लेने का है। इस प्रस्ताव को लेकर नगर निगम की राजस्व समिति के प्रभारी निरंजन सिंह चौहान गुड्डू के द्वारा आपत्ति ली गई है। उनका कहना है कि इस तरह संपत्ति करके खाते खोले जाना उचित नहीं है। यदि ऐसा किया जाता है तो वैधानिक तौर पर बहुत सारी समस्याएं पैदा होगी।

इस प्रस्ताव को लेकर पैदा हुए विवाद के साथ ही महापौर परिषद के सदस्यों के द्वारा अपने हितों से संबंधित प्रस्ताव भी बैठक में रखवा लिए हैं। इसमें हर सदस्य अपने विभाग को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने वाले प्रस्ताव लेकर आया है। सबसे ज्यादा प्रस्ताव राजस्व विभाग और मार्केट विभाग से आए हैं। मार्केट विभाग के प्रस्ताव में शहर में स्थान स्थान पर विज्ञापन करने के लिए होर्डिंग लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रखा गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार शहर में बिजली के खंभे से लेकर ट्रैफिक के सिग्नल तक पर विज्ञापन का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही नए जैंट्री गेट भी बनाए जाएंगे। इस पर भी विज्ञापन का प्रदर्शन होगा।

# इन्दौर के व्यापारी से अहमदाबाद फोरलेन पर लूट

### पंचर कार का टायर बदल रहे थे तभी बदमाशों ने पीटकर 7.90 लाख के जेवरात लूटे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। धार जिले के सरदारपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात शहर के व्यापारी से लूट की घटना सामने आई है। फरियादी ने कल रात इसकी शिकायत पुलिस को की है। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी हर्ष पिता विनोद संगतानी निवासी स्कीम नं. 103 ने सरदारपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 अगस्त की रात वह अहमदाबाद जा रहे थे। रात करीब 2.30 बजे भेरू चौकी के समीप फोरलेन पर कार का टायर पंचर हो गया। तभी फरियादी अपने ड्रायवर शोएब पिता शरीफ हुसैन निवासी खजराना के साथ सडक किनारे कार रोककर टायर बदल रहे थे, तभी तीन अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और पहले ड्रायवर शोएब को पीटा जिसके बाद हर्ष के साथ मारपीट कर सोने की चेन, कड़ा, बाली और 10 हजार रुपये नगद लूट लिए। जिसकी कुल कीमत 7 लाख 90 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरियादी ने रिपोर्ट घटना के करीब 36घंटे बाद क्यों की है इस पर भी जांच की जा रही है।



# पालकी यात्रा निकाली

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आलोक नगर रहवासी संघ ने पालकी यात्रा निकाली। इसमें विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद मलखान कटारिया, भाजपा नेता भगवती उपाध्याय, राम यादव, मुकेश बसोलिया, अमृत कजोड़ियां, पप्पू नेता मनीष रायकवार एवं रहवासी शामिल हुए।

### नवग्रह जिनालय में कल सुबह आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय ग्रेटर बाबा परिसर, एरोड्रम रोड पर कल 19 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे से भगवान पार्श्वनाथ को निर्वाण लाडू अर्पित किए जाएंगे। नरेन्द्र शकुंतला वेद ने उक्त जानकारी दी।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड पर निगम बनाएगा श्वान के लिए आश्रय स्थल

### इस स्थल के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे 84 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा ट्रैचिंग ग्राउंड पर श्वान के लिए आश्रय स्थल का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण के कार्य पर नगर निगम के द्वारा 84 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा सड़क पर घूमने वाले श्वानों के संरक्षण और देखरेख के लिए निर्देशित किया गया था। इसमें खास तौर पर सड़क पर घूमने वाले श्वान जो बीमार हो जाते हैं तो उनके उपचार की व्यवस्था करने और उन्हें फिर से सही करने की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी निगम से कहा गया था। उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए इस आदेश का परिपालन करने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम के द्वारा अब नेमावर रोड पर स्थित ट्रैचिंग ग्राउंड में डॉग्स का आश्रय स्थल बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस प्रस्ताव को निगम के उच्च अधिकारियों के द्वारा मंजूरी भी दे दी गई है।

निगम के द्वारा बनाए गए प्रस्ताव के अनुसार ट्रैचिंग ग्राउंड पर श्वानों का आश्रय स्थल बनाया जाएगा। इसमें उनका क्वॉरेंटाइन हाउस, मेडिकल रूम और लिविंग रूम अलग-अलग बनाया जाएगा यह पूरा निर्माण टीन के शेड से किया जाएगा। निगम के अधिकारियों के द्वारा किए गए आकलन के अनुसार इस कार्य पर 84 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसमें 10000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में यह स्थल विकसित किया जाएगा। इसमें एक साथ एक बार में 300 श्वान रह सकेंगे।

### नसबंदी का चल रहा है अभियान

इंदौर नगर निगम के द्वारा पिछले कई सालों से सड़क पर घूमने वाले श्वानों के नसबंदी करने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के संचालन का ठेका नगर निगम के द्वारा स्वयंसेवी संगठनों को दिया गया है। यह कार्य नगर निगम के द्वारा इस मकसद से करवाया जा रहा है कि सड़क पर घूमने वाले श्वानों की आबादी नहीं बड़े। निगम के द्वारा यह अभियान चलाए जाने के बावजूद सड़क पर श्वानों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।




# धाम सरकार की मौजूदगी में अधिवक्ताओं को मिले पवित्र रुद्राक्ष

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला न्यायालय परिसर में अ.भा. अधिवक्ता महासंघ और इंदौर अभिभाषक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पवित्र रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का आयोजन कल किया गया। साथ में कैलाश मानसरोवर का पावन जल भी मिला। कार्यक्रम में धाम सरकार आष्टा एवं महामंडलेश्वर नितिनदास महाराज की मौजूदगी रही। अधिवक्ताओं को रुद्राक्ष और जल प्रदान किया गया। आयोजक डॉ. हर्ष मेहता, दिलीप सिसोदिया, धर्मेन्द्र चौधरी, घनश्याम गुप्ता, देवेंद्र इनानी, राजेश खंडेलवाल, दीपक जायसवाल, धर्मेन्द्र गुर्जर, पल्लवी काद्रारू, निमेष सोलंकी सहित अन्य मौजूद रहे। धाम सरकार और महामंडलेश्वर का अभिनन्दन भी किया गया और आशीर्वाद भी लिया। खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी हुआ।



## पिपलेश्वर महादेव के जयकारों के साथ पालकी यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कालानी नगर विकास समिति एवं रहवासी संघ और पिपलेश्वर महादेव सेवा समिति के संयुक्त प्रयास से महाराणा प्रताप उद्यान से पालकी यात्रा निकाली गई। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की।

## भगवान शंकर का अर्धनारीश्वर श्रृंगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** महादेव मंदिर न्याय नगर में भगवान शंकर का अर्धनारीश्वर रूप में फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रागण में स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में नाग पंचमी के अवसर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मातृशक्तियों ने भजन-कीर्तन किए, रात में महाआरती हुई। श्रृंगार में कविता पचौरी, पायल मलूकानी, जया बोस, सुमन शर्मा, आभा मिश्रा का सहयोग रहा।



## प्राचीन रामेश्वर शिव मंदिर में फूल और रंगोली से श्रृंगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छावनी क्षेत्र के पारसी मोहल्ला में 172 वर्ष पुराने प्राचीन रामेश्वर शिव मंदिर में कल सावन सोमवार और नागपंचमी अवसर पर भगवान भोलेनाथ का फूल और रंगोली से विशेष श्रृंगार किया गया। भजन मंडल ने भजनों की प्रस्तुति देर रात तक दी और दर्शनार्थी भी देर रात तक मौजूद रहे। रामनारायण अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, नीलेश रायकवार, अलंकार रायकवार, चुन्नू शर्मा, कपिल कनौजिया के निर्देशन में दो दिनों तक तैयारी की गई। उक्त जानकारी मुकेश कचोलिया ने दी।





## शिवालय में श्रृंगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिम क्षेत्र के नार्थ राजमोहल्ला बाफना अस्पताल के सामने स्थित शिव मंदिर में विशेष श्रृंगार भगवान का महेश ओझा द्वारा किया गया।



## मातृशक्ति कावड़ यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मातृशक्ति कांवड़ यात्रा का आयोजन भूतेश्वर महादेव काल भैरव मंदिर जनकपुरी कॉलोनी से किया गया। बाबा महाकाल मंदिर एमआर-10 ब्रिज के पास बाबा का जलाभिषेक किया गया। विजयशंकर यादव,अशोक यादव ठेकेदार, बृजमोहन सिंह यादव, शिवकरन यादव, राजकुमार यादव, भारत यादव, मूलचंद्र यादव, राजेश यादव, बिंदराज यादव, दीपक यादव, विपिन यादव, सचिन यादव, चेतन यादव, सानिया यादव, सोनिया यादव, साक्षी यादव शिवा, राजकुमारी यादव, ममता यादव, सीमा यादव, सुमन यादव, रवि यादव, कन्हैया यादव, विनय यादव, गोपाल यादव, प्रदीप यादव, राहुल यादव, राम यादव, सचिन यादव उपस्थित रहे।



## साइकिल प्रेमी निकले महाकाल दर्शन के लिए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एक ओर जहां लाव लश्कर के साथ कावड़ यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से निकाली जा रही है वहीं दूसरी ओर महेश यादव नगर बाणगंगा के रहने वाले भूरालाल मीणा साइकिल से ही महाकाल यात्रा पर निकले। सायकल चालक भूरालाल मीणा ने अपनी सायकल को पहले से ही सजा रखा है और वे जहां जाते है वे अपनी सायकल के साथ ही जाते है, इसीलिए लोग उन्हें सायकलप्रेमी कहते है।

## मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में तली भंडार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर हरसिद्धि मेनरोड में तळी-भंडार व प्रसाद वितरण किया गया। सच्चितानंद गवली, प्रभाकर गायकवाड,प्रेम सुनहरे, जयंत खानविलकर, प्रकाश नावरे, भास्कर हटकर, ललित गवली, अनिल खरे, दीपकराव ढमढेरे सहित अन्य मौजूद थे।





## छोटे बच्चों ने निकाली कावड़ यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सावन के तीसरे सोमवार को कुशवाहा नगर में बाल गोपाल द्वारा नन्ही मुन्नी कावड़ यात्रा निकाली गई। नटखट बाल एकांश, बाल अभ्यांश कुशवाहा, पीहू कुशवाहा ने अपने कंधे पर छोटी सी कावड़ रखी और बोल बम के नारे से शिव शक्ति गणेश मंदिर कुशवाहा नगर लॉर्ड शिवा स्कूल के पास से निकाल कर भगवान भोलेनाथ को नर्मदा का जल चढ़ाया।

## प्रजापति समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. प्रजापति समाज ने कल नागपंचमी अवसर पर कुम्हारखाड़ी क्षेत्र में आयोजित सम्मान समारोह में युवा प्रतिभाओं, खिलाड़ियों और पहलवानों के साथ समाजसेवियों का सम्मान संस्था के महेश कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर नर्मदा पहलवान, प्रेमदास नेताजी, रमेश पानवाला, रमेश कश्यप, दीपू यादव, नितिन कश्यप, शशि कश्यप, संतोष कश्यप, अजय प्रजापति, जगदीश कश्यप, गोवर्धनलाल प्रजापति, राहुल जेसवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## हनुमानजी के भोग के बाद खिचड़ी का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में हनुमानजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया, भोग लगाकर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

## गोपेश्वर स्वरूप में सजे सुखदेश्वर महादेव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुखदेव नगर एक्सटेंशन 1 स्थित सुखदेश्वर महादेव मंदिर से सावन सोमवार के उपलक्ष्य में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पंडित और आकाश पंडित ने बताया देर रात तक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया।**





# सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर इंदौर के युवा ने फहराया तिरंगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर देश का मान तब और बढ़ गया, जब भारतीय पर्वतारोही गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट इंदौर के सदस्य योगेश सुरजिया ने यूरोप की सबसे ऊँची और दुर्गम चोटी माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर / 18,510 फीट) को सफलतापूर्वक फतह कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर चोटी के शिखर पर भारत का राष्ट्रध्वज 'तिरंगा' और 'गोल्ड कॉइन' का ध्वज लहराकर उन्होंने यह उपलब्धि पूरे देश और विश्व को समर्पित की। गोल्ड कॉइन ट्रस्ट इंदौर के प्रमुख संजय अग्रवाल ने बताया कि माउंट एल्ब्रुस रूस के काकेशस पर्वत श्रृंखला में स्थित है। माइनस में गिरता तापमान, हाड़ कंपा देने वाली बर्फीली हवाएँ और कम ऑक्सीजन का स्तर इस चढ़ाई को बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। इन तमाम विषम परिस्थितियों और प्राकृतिक चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए पर्वतारोही योगेश सुरजिया ने शिखर तक पहुँचने के अपने दृढ़ संकल्प को पूरा किया।

## दीपिका गोयल को कैट का संयोजक बनाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कैट संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल की स्वीकृति से दीपिका



आशीष गोयल को इकाई का इंदौर संयोजक नियुक्त किया। इस नियुक्ति के बाद हुए कार्यक्रम में दीपिका गोयल का सम्मान भी किया गया।

## अग्रमंच का सावन राखी मेला में पौधों का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रमंच द्वारा सावन राखी मेले का आयोजन स्नेह नगर में किया। दीपिका-आशीष गोयल ने बताया कि बाहर से आए कलाकारों ने अलग-अलग तरह के आयटम लगाए, खानपान के भी स्टाल थे। आशीष गोयल ने बताया कि हर घंटे लक्की ड्रा खोलकर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सभी को पौधे देकर इस सावन माह में रोपण कर बड़ा करने का संकल्प दिलाया। प्रीति गर्ग, मृदुल अग्रवाल, अमिताभ सिंघल, शीतल अग्रवाल, स्वाति मंगल, किरण तायल, निर्मला जिंदल, दीप्ति अग्रवाल, मीना



अग्रवाल, अर्चना गोड़, सुनीता पाटनी, अनिता गुप्ता, रश्मि नरेड़ी, रमेश गुप्ता, शशि गोयल, आहुति मित्तल, स्वाति सिंघल, पूजा अग्रवाल, चंचल गोयल, शिल्पा केडिया, मोना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, दीपाली गोयल, संगीता अग्रवाल, कुमुद बिंदल, वंदना बंसल, मोना गोयल, आरती अग्रवाल, खुशबू गोयल, शीना केडिया, नीतू अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, राखी अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थी।

## न्यूयॉर्क में भी तिरंगा लहराने का जज्बा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर के गुमाश्ता नगर से जुड़े ओमप्रकाश-स्वाति टावरी ने बताया कि न्यूयॉर्क में भी देश की आजादी का जज्बा नजर आया। यहां भी युवाओं ने सभी के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाकर भारत की देशभक्ति का जज्बा न्यूयॉर्क में दिखाया। एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को केसरिया, सफेद और हरे तिरंगे रंगों से रोशन किया गया। न्यूयॉर्क की गगनचुंबी इमारत पर लहराता





भारतीय तिरंगे का रंग हर भारतीय के लिए गर्व और भावनाओं का पल बन गया। इस बार न्यूयॉर्क में कार्यक्रम में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की टीम भी मौजूदगी रही। यहां के भारतीयों ने तिरंगा लहराने और कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमें लग ही नहीं रहा है कि हम न्यूयॉर्क में है या भारत में हैं, लेकिन भारत की याद आती है।

## भगवान भोलेनाथ की शरण में पहुंचे शेषनाग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अन्नपूर्णा मंदिर पर श्रावण मास में 11 विद्वान पंडितों द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में लघु रूद्र एवं सहस्त्रार्चन अनुष्ठान किया जा रहा है। मुख्य मंदिर पर फूलों, पत्तियों एवं रंगीन गुब्बारों, बर्फ, रूई आदि से भगवान भोलेनाथ की शरण में फन फैलाए पहुंचे शेषनाग के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान शिव का सहस्त्रार्चन भी किया गया।

## शक्रस्तव अभिषेक एवं प्रभु को मुकुट अर्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री जैन श्वेतांबर अजितनाथजी मंदिर, लाल मंदिर, भगवान महावीर मार्ग



में भगवान नेमीनाथ दादा के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर शक्रस्तव अभिषेक एवं प्रभु को मुकुट अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत निर्मोहप्रभविजय मा.सा., साध्वी मुक्तिरासा श्रीजी मा.सा. और ठाणा के सानिध्य में आयोजन हुआ। मनीष शाह ने उक्त जानकारी दी।

## पुराने ठियों से जुड़े साथी एक साथ बैठे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रगति विहार स्थित सुभाष खंडेलवाल के बंगले में हुए इस आत्मीय मिलन में छीपा बाखल, गौराकुंड, राजमोहल्ला, टोरी कॉर्नर, सचेतक कॉफी हाउस, राइटर्स क्लब, संपादक समूह और मालगंज जैसे ठियों से जुड़े पुराने साथी शामिल हुए। पुराना बातचीत का दौर जीवंत किया गया। सत्येन्द्र वर्मा ने रचनाओं की प्रस्तुति दी। अनिल कर्मा, प्रवीण शर्मा, पंकज बिरामल, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, गोपीकृष्ण नेमा,



मनोहरलाल वर्मा 'कड़ेल', नवनीत शुक्ला, प्रवीण खरीवाल, सज्जनसिंह वर्मा, तपेन्द्र सुगंधी, कमलेश्वर सिंह सिसोदिया, रवि जैन, स्वतंत्र जैन,अर्जुन राठौर, राजेश शर्मा 'कामरेड', शेखर गिरी की मौजूदगी में इन्दौर पर चर्चा के साथ हंसी-ठहाकों का दौर चला। मालवी व्यंजन का लुत्फ लिया गया।

## भगवान नेमिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पर रथयात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पीपली बाजार स्थित श्री अजितनाथ लाल जैन मंदिर से आज सुबह भगवान नेमिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक अवसर पर रथ यात्रा शहर के मध्य क्षेत्र में निकाली गई। भगवान नेमिनाथ के जयकारे भी जैन समाजजन ने लगाए। प्रकाश भंडारी,






राजेश जैन युवा, मनीष शाह, निलेश जैन, सौरभ कोठारी, अक्षय जैन, अजय ब्होरा, नरेंद्र डांगी, प्रमोद चोरड़िया, अनिल डोसी, निलेश स्खलेचा, मुकेश पटवा, युगल जैन, गोलू हरकावत, मनीष कोठारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## लश्करी मंदिर में कल निर्वाण लाडू चढ़ेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गौराकुंड पर तेईसवें तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण दिवस मोक्ष सप्तमी के अवसर पर कल निर्वाण लाडू सुबह 9 बजे अर्पण किया जाएगा। वीरेन्द्र बड़जात्या ने बताया कि प्रातः अभिषेक, शांति धारा और पूजन का आयोजन होगा उसके बाद भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ेगा।

## सरयू पारिण ब्राह्मण समाज करेगा कल तुलसीदास जयंती पर महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरयू पारिण ब्राह्मण समाज द्वारा कल 19 अगस्त की शाम 6 बजे से संतोष सभागृह रानी सती गेट पर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। युवा संगठन को इस महोत्सव की जिम्मेदारी समाज ने दी है। समाज के बच्चों के रामचरितमानस के पात्रों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। रामचरित मानस और तुलसीदासजी पर भी प्रकाश डाला जाएगा। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। अनूप शुक्ला, निर्मल दुबे, पंकज पाण्डे, अवधनारायण शुक्ला, अजय त्रिपाठी, गौतम तिवारी, रश्मि तिवारी आयोजन से जुड़े हैं। सत्यनारायण सत्तन, प्रो. राजीव शर्मा विशेष उद्बोधन देंगे।

## रामद्वारा में कल गोस्वामी को किया जाएगा याद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रामद्वारा छत्रीबाग में चल रहे चातुर्मास प्रवचन के दौरान कल 19 अगस्त की सुबह गोस्वामी तुलसीदास महाराज की जयंती मनाई जाएगी। चित्र पूजन, मानस पूजन और गोस्वामी के जीवन पर आधारित प्रवचन, आरती, रामधुन, रामनाम लेखन कॉपियों का वितरण, प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।



## महिलाओं का जत्था जगन्नाथपुरी जाएगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नंदनी महिला सेवा संस्थान द्वारा महिलाओं के लिए जगन्नाथपुरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जबरन कालोनी के मंदिरों में पूजा अर्चना कर शिवजी को जल चढ़ाया गया और जगन्नाथपुरी की सफल यात्रा की कामना भी की गई। उक्त जानकारी रंजना ताई सुद्रस ने दी।

## शिवजी का रुद्राभिषेक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रावण के तीसरे सोमवार को गीता भवन में पांच विद्वान ब्राह्मणों ने आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के सानिध्य में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया। राम ऐरन, दिनेश मित्तल, मनोहर बाहेती सहित अन्य मौजूद थे।

# भगवान नेमिनाथ जन्म एवं दीक्षा कल्याणक आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





केशरी वाटिका, एयरपोर्ट रोड पर गच्छाधिपति, नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. एवं मुनि मंडल की निश्रा में भगवान नेमिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में धर्म और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं बाहर से आए श्रीसंघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शुभारंभ राकेश ओरा, रवि मोदी, शैलेन्द्र सुराणा, महेंद्र बागवाला, धर्मचंद बोहरा, केविन शाह, ऋषभ ओरा, हेमेन्द्र जैन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। त्रिलोक एवं नेम कुमारी की प्रस्तुति हुई। गच्छाधिपति ने मंगलाचरण किया और धार्मिक कार्यक्रम शुरू करवाया। 14 स्वप्नों को जीवंत प्रस्तुति के रूप में प्रस्तुत किया। अदिति सुराणा एवं देवांशी जैन के संयोजन में प्रत्येक स्वप्न को प्रस्तुत किया। सिद्धरत्न विजय म.सा. ने सार्थक उदबोधन दिया। अच्छी प्रस्तुति देने वाले 14 बच्चों को पारितोषिक राशि घोषित की गई। तपस्वियों का बहुमान किया गया। जैन फेडरेशन के पदाधिकारी भी संत के दर्शन के लिए पहुंचे थे। कल भी शकृत्स्व अभिषेक का आयोजन हुआ। महेन्द्र बागवाला, धनराज संघवी, नीरज सुराणा, महेंद्र संघवी, रवि मोदी, हीरालाल बाफना, वीरेंद्र लुंकड़, पवन सुराणा मौजूद थे। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और अन्य राजनेता भी मौजूद रहे। उक्त जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।

## वर्ल्ड फोटोग्राफी-डे पर होगा स्लाइड शो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वर्ल्ड फोटोग्राफी-डे पर आयोजित विशेष स्लाइड शो कार्यक्रम 19 अगस्त को प्रेस क्लब सभागार में शाम 6 बजे से फोटोग्राफर्स ऑफ इंडिया इंदौर और इंदौर प्रेस क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक बलवंत सिंह चौहान और राजू पंवार ने बताया कि इसमें प्रेस फोटोग्राफर्स एवं शहर के ख्यात फोटोग्राफर्स शामिल होंगे। इनमें वाइल्ड लाइफ, कला संस्कृति और प्रकृति को समझने वाले फोटोग्राफर्स की चुनिंदा तस्वीरों को एक स्लाइड शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।



## माहेश्वरी समाजजन रहे मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माहेश्वरी डीडवाना पंचायती 140 घर थोक द्वारा सावन उत्सव, छप्पन भोग महाआरती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पवन भलिका, अजय गरिमा सारडा, राजेश होलानी, घनश्याम झंवर, मधुसूदन भलिका, रामअवतार जाजू, संजय मानधन्या, पंकज गांधी, आशा सिंगी, अमित भराणी, प्रहलाद मोदानी सहित अन्य मौजूद थे।



## श्रद्धा सुमन सेवा समिति ने किया सेवाभावियों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा सात सेवाभावी समाजसेवियों का सम्मान किया गया। डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, अण्णा महाराज, महामंडलेश्वर पवनदास महाराज, कवि सत्यनारायण सत्तन की मौजूदगी में ओमप्रकाश नरेडा, आरक्षक संजयसिंह राठौर, मुरलीधर धामानी, डॉ. चेतन सेठिया, अशोक गोयल, विनय जैन, राजेन्द्र को सम्मानित किया। हरि अग्रवाल, जगमोहन वर्मा, कमल गुप्ता, राजेंद्र सोनी, सूरज सिंह राठोर, महेंद्र विजयवर्गीय, कैलाश सोनी, शंकरलाल वर्मा, किरण ओझा, राजकुमारी मिश्रा, गीता शर्मा, पुष्पा यादव, सीमा सेन मौजूद थे।

## सतरंगी प्रदर्शनी का आयोजन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क्षत्राणी श्रृंगार महोत्सव के अंतर्गत सतरंगी प्रदर्शनी का आयोजन 20-21 अगस्त को सुबह 10 से रात 10 बजे तक रिंग रोड होटल इनफिनिटी पर किया जाएगा। प्रदर्शनी में कई स्टाल रहेंगे। आयोजन से चंद्राजीत जादौन, रंजना राणावत, भावना चौहान जुड़ी हुई है।



## बाइक रैली से रक्तदान का संदेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद सेवा, संस्कार और संगठन के त्रिआयामी लक्ष्यों के साथ बाइक रैली का आयोजन किया। इस यात्रा में रक्तदान जागरूकता का संदेश दिया गया। खासतौर से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने को लेकर भी संदेश दिया। बाहर से आई इस रैली का छप्पन दुकान से लेकर राजबाडा तक कई जगह स्वागत किया गया।

## बंग का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा श्रेष्ठ कार्य पर बीमा अधिकारियों का सम्मान का आयोजन किया। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राकेश तनेजा एवं उपस्थित मंडल अधिकारियों द्वारा लक्ष्मीकांत बंग का सम्मान किया गया। इस सम्मान पर कई माहेश्वरी समाजजनों और बीमा कम्पनी से जुडे एजेन्ट सहित अन्य ने भी बधाई दी।





## जैन ग्रुप की सभा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न की मासिक साधारण सभा रिसोर्ट पर आयोजित की गई। सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कविता और गीतों की प्रस्तुति भी हुई। संचालन किरण संचेती और आभार अरविन्द चौधरी ने माना। सुरेश देशलहरा, गोपीलाल सामोता, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेशचंद जैन, चन्द्रकुमार फत्तेपुरिया, श्रेणिक तांतेड, जिनेन्द्रकुमार पारख, सुरेश सकलेचा उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर पर पुष्प बंगले में नीलकंठेश्वर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माली मोहल्ला एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्रीलादूनाथ महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति के तत्वावधान में महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में नीलकंठेश्वर महादेव का फूलों, पत्तियों एवं अन्य श्रृंगार सामग्री से पुष्प बंगला सजाया गया। फूल बंगले के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## मुशायरा नाइट का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। धार रोड प्रेरणा सदन पर 'अंदाज़-ए-इंदौर'ने मुशायरा नाइट' का आयोजन किया।हिदायतुल्लाह खान, बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर आनंद, फादर सेल्विन की मौजूदगी में संचालन नदीम काविश ने किया। पंकज पलाश, शहनवाज अंसारी, धीरज चौहान, महेंद्र सिंह पंवार, अनुराग अंश, यश शुक्ला, दीप्ति शिखा, सचिन राव विराट, अमन जादुआन, आदर्श सिंह राजपूत और नदीम काविश ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।

## कल भगवान पारसनाथ को चढ़ेगा तीन क्विंटल का लाडू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में सुधासागर महाराज के प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में जैन समाजजन पहुंच रहे है। कल 19 अगस्त को सुबह 8 बजे से भगवान पारसनाथ का निर्वाण दिवस



दलाल बाग में मनाया जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि 300 किलो का निर्वाण लाडू रहेगा। महिलाओं के लिए लाडू सजावट स्पर्धा भी रखी गई है। पर्यूषण महापर्व पर 15 सितम्बर से श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन भी होगा जिसके लिए पंजीयन प्रारम्भ हो गए हैं।

## मेधावी विद्यार्थियों का अग्रसेन ग्रुप करेगा सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा अग्रवाल समाज के मेधावी विद्यर्थियों को 10 ग्राम चांदी के सिक्के और अग्रसेन अवार्ड से 20 सितम्बर को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन से शिव जिंदल, कमलेश मित्तल, शशि राजेश गर्ग, प्रो गोविंद सिंघल,श्याम अग्रवाल, प्राची गर्ग, राजू बंसल, राजकुमार बंसल, सतीश गोयल, विनोद गोयल सहित अन्य जुड़े हुए हैं।

# फर्जी नामांतरण घोटाले में दलालों का बड़ा नेटवर्क, ऑपरेटरों को लाखों की रिश्वत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के फर्जी नामांतरण घोटाले की जांच अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। जांच पूरी होने के बाद पुलिस आज आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सकती है। जांच में अब तक 20 से अधिक दलालों और निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों के संपर्क सामने आने की बात कही जा रही है। पुलिस की गहराई से जांच शुरू होने के बाद इस पूरे नेटवर्क की परत-दर-परत जानकारी सामने आने की संभावना है।

### एक नामांतरण के लिए 2-3 लाख तक का खेल

जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार फर्जी नामांतरण कराने के लिए ऑपरेटरों को एक से तीन लाख रुपए तक की रिश्वत दिए जाने की जानकारी सामने आई है। दलाल न केवल नामांतरण कराने में सक्रिय थे, बल्कि संपत्तियों की खरीद-बिक्री में भी उनकी भूमिका बताई जा रही है। इनमें से कई दलाल रजिस्ट्रार कार्यालय के आसपास भी सक्रिय रहते थे।

### निगम कर्मचारियों से संपर्क के सुराग

नगर निगम सूत्रों के अनुसार रियाज अंसारी, संजय यादव, सौरभ तिवारी, संतोष मालवीय, अजय सोलंकी, सागर पवार और तरुण जोशी समेत जिन कर्मचारियों पर पहले निलंबन, बर्खास्तगी या एफआईआर जैसी कार्रवाई हुई, उनके संपर्क भी इन दलालों से होने की जानकारी जांच में सामने आई है। हालांकि इन सभी की भूमिका का अंतिम निर्धारण पुलिस जांच के बाद ही होगा।

### भोपाल से मिला 100 जीबी डेटा

घोटाले की जांच को आगे बढ़ाने में भोपाल स्थित ई-पालिका कार्यालय से मिला करीब 100 जीबी डेटा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जांच समिति ने साइबर जांच और पीड़ितों से पूछताछ के आधार पर नामांतरण की प्रक्रिया और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई। समिति सदस्य अर्थ जैन के अनुसार ई-पालिका पोर्टल के रिकॉर्ड से फर्जी नामांतरण तक पहुंचने में मदद मिली। अपर आयुक्त आकाश सिंह ने करीब 50 पीड़ितों से वन-टू-वन चर्चा कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्होंने दस्तावेज किसे दिए और नामांतरण की प्रक्रिया कैसे हुई।

### आईडी से हुआ फर्जीवाड़ा

जांच में उपायुक्त एसके सगर और प्रदीप जैन की आईडी से फर्जी नामांतरण किए जाने की जानकारी सामने आई है। एसके सगर का विभाग बदला जा चुका है। फिलहाल जांच में किसी बड़े अधिकारी की प्रत्यक्ष भूमिका सामने नहीं आई है।

विशेषज्ञों की राय- छोटी सैलरी वाले कर्मचारियों को बड़ी जिम्मेदारी से बचाना होगा।

निगम में स्थायी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद मस्टर और आउटसोर्स कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि संवेदनशील आईडी, नामांतरण और संपत्ति रिकॉर्ड जैसे कामों में जवाबदेही तय करने के साथ पर्याप्त निगरानी जरूरी है।

आज खुल सकते हैं कई और नाम

पुलिस की विस्तृत जांच के बाद दलालों, आउटसोर्स कर्मचारियों और अन्य संभावित सहयोगियों की भूमिका स्पष्ट होने की उम्मीद है। जांच एजेंसियां डिजिटल रिकॉर्ड, नामांतरण दस्तावेज और पीड़ितों के बयान को जोड़कर पूरे नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।

1. 20 से अधिक दलाल जांच के दायरे में।
2. ऑपरेटरों को 1 से 3 लाख रुपए तक रिश्वत दिए जाने का दावा।
3. भोपाल से मिला 100 जीबी डेटा बना अहम सुराग।
4. करीब 50 पीड़ितों से वन-टू-वन पूछताछ
5. आज एफआईआर के बाद सामने आ सकती है घोटाले की नई कहानी।

# राजीव यादव का हुआ हिंदू संगठनों से मोह भंग



**हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस में राजीव यादव की टीम शामिल, भोज उत्सव समिति के समानांतर संगठन खड़ा करने का प्रयास...**

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** ऐतिहासिक भोजशाला विवाद में कानूनी मोड़ आने के बाद अब जमीनी स्तर पर व्यक्तिगत हितों को साधने के बीच नेतृत्व और श्रेय की होड़ शुरू हो गई है। धार में लंबे समय से संघ के अनुषांगिक संगठन के रूप में हिंदू समाज व भोजशाला आंदोलन का नेतृत्व करने वाली भोज उत्सव समिति के समानांतर अब हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस ने अपनी ताकत बढ़ानी शुरू कर दी है, इसी कड़ी में धार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं निष्काशित नेता राजीव यादव और उनकी टीम का हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस में आधिकारिक तौर पर समावेश होता हुआ प्रतीत हो रहा है, जिसका ताज़ा उदाहरण सोमवार को धार कलेक्टर और एसपी को हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस संगठन के माध्यम से ज्ञापन देने पहुँचे अधिकांश व्यक्तिओ में राजीव यादव समर्थक ही दिखाई दे रहे थे, जबकि विगत सप्ताह धार के विभिन्न समाजों जिसमें ब्राह्मण, जैन, रजक व अन्य समाजों द्वारा समिति के नेतृत्व में इसी प्रकार का ज्ञापन दिया जा चुका है। जहाँ तक की इस संगठन में हाल ही में हुई नियुक्ति पर नजर दौड़ाई जाए तो इसमें पूर्व धार भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव के बड़े भाई कन्हैयालाल यादव को जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष राजीव यादव के खासम खास मनीष मकवाना को बनाया गया है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है, उक्त संगठन में अब राजीव यादव की टीम का समावेश हो चला है। इस नए राजनीतिक व सामाजिक समीकरण को लेकर क्षेत्र में गर्माहट बढ़ गई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि यह पूरा कदम भोज उत्सव समिति के समकक्ष एक नया संगठन खड़ा करने की सोची-समझी रणनीति है। दशकों से धार की भोजशाला को लेकर जमीनी आंदोलनों में भोज उत्सव समिति का एकछत्र प्रभाव रहा है,लेकिन हाल ही में राजीव यादव की टीम के शामिल होने के बाद हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस स्थानीय स्तर पर अपनी सक्रियता दिखाने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय विश्लेषकों व जुड़े सूत्रों का मत है कि हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस धार की धरती पर भोज उत्सव समिति के प्रभाव को कम कर पूरे भोजशाला मामले को हाईजैक करने का षड्यंत्र रच रहा है,इंदौर हाई कोर्ट ने एएसआई के वैज्ञानिक सर्वे को आधार मानते हुए भोजशाला परिसर को वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर घोषित किया था और हिंदुओं को पूर्ण पूजा का अधिकार दिया था। याचिकाकर्ता संगठन यह हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस को कोर्ट से कानूनी जीत का श्रेय मिलने के बाद अब यह संगठन जमीनी स्तर पर भी खुद को मुख्य चेहरे के रूप में स्थापित करना चाहता है,सोमवार 17 अगस्त 2026 हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस ने धार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर परिसर के 100 मीटर के दायरे में नमाज की मौजूदा व्यवस्था पर आपत्ति जताई है, जिससे साफ है कि संगठन अब धार में पूरी तरह आक्रामक भूमिका में है, और आगामी चुनावों में इस जीत का श्रेय लेकर वोटरों को लुभाने का कार्य करेगा। सूत्रों की माने तो आगामी विधानसभा चुनाव में हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस धार से अपना आधाकारिक उम्मीदवार उतारने की रणनीति से कार्य कर रहा है।

## स्नेहनगर और नवलखा कॉम्प्लेक्स से नई टंकी तक लाइन जोड़ने का हो रहा काम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सपना - संगीता मैनरोड पर स्नेहनगर और कांप्लेक्स सहित अन्य कालोनियों में नर्मदा की नई लाइन डालने का काम देर रात में भी किया जा रहा है। जिसके तहत मैनरोड पर दुकानों के सामने से खुदाई कर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र का जल संकट दूर हो जाएगा। साथ ही लोगों को नर्मदा का शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में अच्छे प्रेशर के साथ पीने का पानी मिलने लगेगा।

क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 63 की पॉश कॉलोनी स्नेहनगर, नवलखा कॉम्प्लेक्स, पटेल नगर, सपना संगीता रोड़ के आसपास की आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों और कई गलियों की नर्मदा लाइन को नवलखा मजदूर चौक के पास तैयार नई बड़ी टंकी से लाइन जोड़ने का काम किया जा रहा है ताकि इस क्षेत्र का जलसंकट दूर किया जा सके।

लाइन डालने के लिए खुदाई के बाद निगम द्वारा सपना-संगीता मेंनरोड पर दुकानों के बाहर फुटपाथ संवारने के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर सौंदर्यकरण का काम भी किया जा रहा है ताकि लाइन डालने के बाद फुटपाथ की सुंदरता और खूबसूरती में किसी प्रकार की कमी नजर ना आए।

# अवैध बैनर पोस्टर से पटा पड़ा शहर

## भमोरी चौराहे पर ऐसा लगाया गेट कि सिग्नल ही दिखना हो गया बंद

### शहर में मची हुई है धार्मिक आयोजनों के पोस्टर लगाने की रेस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर सफाई में तो स्वच्छता के बड़े-बड़े अवॉर्ड हासिल कर चुका है लेकिन इसी स्वच्छता पर बदरंग दाग शहर में लगने वाले बैनर पोस्टर हैं जिसके कारण शहर गंदा और चितकबरा नजर आ रहा है शहर में जिस ओर नजर डाली जाए उस ओर अवैध बैनर पोस्टर लगे दिखाई देते हैं। सड़क पर चलते वक्त आजू-बाजू और ऊपर केवल पोस्टर ही दिखाई देते हैं इसमें सबसे अधिक पोस्टर भाजपा नेताओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले धार्मिक आयोजनों के हैं इस समय शहर में अवैध बैनर पोस्ट की बाढ़ सी आई हुई है साथ ही आयोजकों में इनको लगाने की रेस नजर आ रही है।

**लोगों ने कहा- कम से कम सिग्नल को तो छोड़ते-** ताजा मामला ए बी रोड पर भमोरी चौराहे का है, जहां पर एक धार्मिक आयोजन के लिए अस्थाई गेट का निर्माण वेदांता हॉस्पिटल वाली सड़क की शुरुआत में चौराहे पर किया गया है। रहवासी मनन श्रीवास्तव ने बताया कि यह हर साल लगाया जाता है लेकिन इस बार आयोजन कर्ताओं ने कुछ अति अधिक कर दी कि इसके लगाने से सिग्नल ही दिखाना बंद, हो गया।। भमोरी चौराहे से सामने की ओर विजयनगर एवं रिंग रोड जाने वाली सड़क का सिग्नल इस गेट के कारण दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति में वाहन चालक समझ नहीं पा रहे हैं कि सिग्नल कब चालू हो रहा है कब बंद कब उन्हें आगे की ओर बढ़ता है और कब तक रुके रहना है, यह इस चौराहे पर आने के बाद समझ नहीं आता है।

**गेट पर लगे नेताओं के पोस्टर ताकि निगम हटाए नहीं-** इस अस्थाई गेट पर भाजपा के बड़े नेताओं के बैनर और पोस्टर लगे हुए हैं कार्यकर्ताओं ने ऐसे रसूखदार नेताओं के पोस्टर लगाए हैं कि नगर निगम की टीम इस गेट को हटाने की कोशिश नहीं करें, न ही इस बारे में कोई विचार अधिकारी कर्मचारी लेकर आए और ना ही यातायात विभाग के टीम इस पर कार्रवाई कर सके।

**भगवान भरोसे वाहन चालक-** शीतल नगर के रहवासी सुमित शर्मा ने बताया कि अब जब नेता जी के नाम पर लगे इस गेट के कारण यातायात अव्यवस्था होगी और नेताजी पर रील बनेगी, जिसमें नेताजी का नाम अस्थाई अतिक्रमण करने और यातायात सिग्नल को बाधित करने के लिए आरोपित किया जाएगा तब ही यह गेट हट सकेगा। तब तक शहर के वाहन चालकों को भगवान पर भरोसा करके अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी होगी।

**नगर निगम टीम को नहीं है जानकारी-** वहीं दूसरी ओर नगर निगम की टीम इस मामले को लेकर अनजान है रिमूवल विभाग को यह पता ही नहीं है कि भमोरी चौराहे पर कोई ऐसा गेट लगा है जो सिग्नल को ही बाधित कर रहा है। वाहन चालकों को गुजरने में परेशानी हो रही है, रिमूवल विभाग के अपर आयुक्त बताते हैं कि फिलहाल इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है लेकिन इस मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस के द्वारा भी इसका संज्ञान लिया जाना चाहिए था लेकिन मीडिया के माध्यम से यह बात सामने आ रही है जिसकी जांच करवाई जाएगी और तत्काल प्रभाव से बैनर पोस्टर हटाए जाएंगे।

## संपादकीय

# रेलवे स्टेशनों के पानी में मिले ज़हरीले बैक्टीरिया, यात्रियों की सेहत से खिलवाड़

458 रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं की कमी और पानी में ई-कोलाई जैसे बैक्टीरिया मिले हैं। किराया बढ़ाने में तत्पर रेलवे स्वच्छ पेयजल देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। रेलवे स्टेशनों से लेकर ट्रेन में सफर के दौरान परोसे या बेचे जाने वाले खानपान की घटिया गुणवत्ता के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। मगर कैग की रिपोर्ट में पीने के पानी में भी जिस तरह की गड़बड़ी बताई गई है, उससे व्यापक लापरवाही का ही पता चलता है। गौरतलब है कि हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की एक रिपोर्ट में ये तथ्य सामने आए कि देश के कई रेलवे स्टेशनों के पानी में ई-कोलाई और कोलीफार्म जैसे जीवाणु पाए गए हैं। इस दौरान पांच सौ बारह स्टेशनों की जांच में चार सौ अट्ठावन पर जरूरी यात्री सुविधाओं की कमी मिली। रेल महकमा समय-समय पर किराया बढ़ाने को लेकर तो जरूरत से ज्यादा सजग दिखता है, लेकिन स्वच्छ पेयजल जैसी सबसे जरूरी चीज की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने की उसे शायद कोई फिक्र नहीं है। लोगों को या तो स्टेशन पर लगे नल से असुरक्षित पानी पीना पड़ता है या फिर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। अब भले रेलवे ने पेयजल की गुणवत्ता सुधारने की बात कही है, लेकिन यह कब संभव होगा, यह देखने की बात होगी। यह जगजाहिर तथ्य है कि ट्रेन से अपने गंतव्य के लिए निकले लोग कई बार एक या दो दिन की लंबी यात्रा भी करते हैं। इस दौरान पानी न मिलने या फिर दूषित पेयजल की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ने के मामले जब-तब सामने आते रहते हैं। सवाल है कि अगर टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को स्वच्छ पेयजल जैसी सबसे बुनियादी चीज भी मुश्किल से मिल पाती है, तो सरकार किस भरोसे भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के दावे करती रहती है! कुछ महंगी और अति-महत्वपूर्ण मानी जाने वाली ट्रेनों को छोड़ दें, तो क्या साधारण लोगों के लिए भी रेल यात्रा उतनी ही सहज या सुकूनदेह रह गई है? ट्रेन में सीट पर आराम से बैठ कर यात्रा कर पाना जहां चुनौती बन चुकी है, वहीं सफर के दौरान खाने-पीने का सामान कैसा मिलता है, यह अब कोई छिपी हकीकत नहीं रह गई है। मगर सबसे बुनियादी चीज-पीने के पानी तक की हालत अगर ऐसी है कि ज्यादातर स्टेशनों पर लगे नले से दूषित पेयजल मिलता है, तो इससे उपजे जोखिम के लिए कौन जिम्मेदार है? देश में जब कभी भगदड़ की कोई घटना होती है, तो सरकार की ओर से आश्वासनों के जरिए यही संदेश दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचने के लिए व्यवस्था में सुधार कर पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। मगर इन दावों की हकीकत तब सामने आती है, जब कुछ दिन बाद दूसरी जगह इसी तरह का हादसा हो जाता है।

# सैलून में घुसकर बदमाशों का उत्पात

## संचालक और ग्राहक से मारपीट कर ड्रायर-मसाजर मशीनें फोड़ीं, 4 पर प्रकरण

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर में देर रात एक सैलून में घुसकर बदमाशों द्वारा गुंडागर्दी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दुकान संचालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दुकान में रखे महंगे उपकरणों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। बीच-बचाव करने आए ग्राहक के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सोलंकी नगर निवासी फरियादी शुभम पिता अशोक वर्मा ने विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शुभम की मालवीय नगर में न्यू वर्मा हेयर स्टाइल नाम से सैलून की दुकान है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीती रात आरोपी कपिल, मयंक उर्फ चीकू, यश राठौर तीनों निवासी मालवीय नगर और मोहित चौहान निवासी महेश बाग कॉलोनी अचानक उनकी दुकान पर पहुंचे। आरोपी बिना किसी कारण के गालियां देने लगे और जब विरोध किया तो उन्होंने शुभम के साथ लात-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। दबंगई दिखाते हुए आरोपियों ने सैलून में रखी कुर्सी, हेयर ड्रायर, ट्रिमर , मसाजर और स्टीम मशीन को उठाकर पटक दिया और पूरी तरह तोड़कर चकनाचूर कर दिया। इस दौरान दुकान पर कटिंग कराने आया ग्राहक हनी सोलंकी जब शुभम को बचाने बीच में आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को इकट्ठा होता देख चारों आरोपी वहां से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि आइंदा दुकान से जाने को कहा तो जान से खत्म कर देंगे।

# भैंस बेचने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

**इंदौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र में भैंस खरीदने का झांसा देकर एक ग्रामीण से हजारों रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात जालसाज ने पीड़ित को अपनी बातों में उलझाकर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, देपालपुर के ग्राम खांण्डिया निवासी फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि आरोपी ने भैंस बेचने के नाम पर उनसे संपर्क किया था। इसके बाद सौदा तय करने और अग्रिम राशि के बहाने आरोपी ने उनके मोबाइल पर एक क्यूआर कोड भेजा। पीड़ित को झांसे में लेकर फोन पे के माध्यम से अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 68 हजार 950 रुपये अपने खाते में डलवा लिए। रुपये ट्रांसफर होने के बाद जब आरोपी ने टालमटोल शुरू की और संपर्क तोड़ दिया, तब पीड़ित को अपने साथ हुई साइबर धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित की रिपोर्ट पर देपालपुर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

**क्यूआर कोड के जरिए 68 हजार से अधिक रुपये ऐंठे**

# क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी, जालसाज ने उड़ाए डेढ़ लाख रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ऑफिस में बैठे युवक के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात जालसाज द्वारा डेढ़ लाख रुपये का फर्जी ट्रांजेक्शन कर लिया।फरियादी के मोबाइल पर अचानक 1 लाख 50 हजार रुपये कटने का मैसेज आया, जिसके बाद धोखाधड़ी का पता चला। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्रीन वैली अपार्टमेंट बिचौली मर्दाना निवासी फरियादी यश पिता निर्मल भारती ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह रेडक्रॉस रोड स्थित ब्रिलियंट सेंटर की तीसरी मंजिल पर स्थित अपने ऑफिस में मौजूद थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल करते हुए 1 लाख 59 हजार रुपये का अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर लिया। पीड़ित के पास जब बैंक से राशि कटने का मैसेज आया, तो उसमें यह ट्रांजेक्शन बालाजी एंटरप्राइजेज नाम से होना दर्शाया गया। अपने साथ हुई साइबर धोखाधड़ी का अहसास होते ही पीड़ित तुरंत थाने पहुंचे और पुलिस को आपबीती बताई। तुकोगंज थाना पुलिस ने फरियादी यश की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बैंक ट्रांजेक्शन आईडी और साइबर सेल की मदद से संबंधित खाते का ब्योरा जुटाकर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## टक्कर के बाद विवाद

# जीप सवार बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर को पीटा

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बायपास सर्विस रोड पर अपनी ही गलती से हुए हादसे के बाद जीप सवार बदमाशों ने उल्टा ट्रक चालक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम छनेरा जिला खंडवा निवासी फरियादी अजय पिता मोहर सिंह बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ट्रक चालक अजय ने पुलिस को बताया कि वह अपना ट्रक लेकर यूनो बिजनेस पार्क के पास बायपास सर्विस रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार जीप क्रमांक एपी 09 बीपी 0555 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ट्रक के बाएं तरफ के साइड ग्लास में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में ट्रक का साइड ग्लास टूट गया और जीप को भी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद अजय ने जैसे ही अपने ट्रक को सड़क किनारे रोका, जीप में से चालक अश्विन और उसके दो साथी यशराज व राम ठाकुर नीचे उतरे। तीनों आरोपियों ने उल्टा ट्रक चालक अजय पर ही रौब झाड़ते हुए कहा कि तुझे ट्रक चलाना नहीं आता क्या? जब पीड़ित ने उनकी गलती का विरोध जताया, तो तीनों गालियां देने लगे और लात-घूंसों से मारपीट करने लगे। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे गए। कनाड़िया थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी अश्विन, यशराज और राम ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आप नेताओं ने भरे रोड के गड्ढे गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन

**इंदौर।** आम आदमी पार्टी की राऊ विधानसभा टीम ने गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन के तहत क्षेत्र की खराब सड़कों की स्थिति ठीक करने के लिए गड्ढे भरो जान बचाओ अभियान आंदोलन के रूप में चलाया। गड्ढे भरे गए। आप नेताओं का कहना था कि इन गड्ढों से आए दिन दुर्घटना घट रही थी। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि निगम टैक्स ले रहा है, वसूली कर रहा है लेकिन जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रहा है, जबकि बरसात के पूर्व निगम को गड्ढों का पेंचवर्क करना था। आप नेताओं ने कहा कि राऊ क्षेत्र की जनता गड्ढों की लोकेशन और स्थिति भेजे,




आम आदमी पार्टी हर गड्ढा को भरेगी और लोगों की जान बचाएगी। आप के के सी.पी. मित्तल, संदीप शर्मा, शाकिर हुसैन, नवदीप शर्मा, अजय सिंह चंदेल, सचिन सोनी एवं मोहन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151200 | 155098 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 231700 | 235000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# होटल ले जाकर दुष्कर्म, अश्लील फोटो वायरल कर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में एक आरोपी युवती को बहला-फुसलाकर होटल ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 26 वर्षीय पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फैजान पिता फारुक खान के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी फैजान उसे अपने साथ एक होटल में ले गया था, जहां उसने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और धोखे से उसकी अश्लील तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद कर लीं। वारदात के बाद आरोपी ने पीड़िता की निजी और अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। बेटमा थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर आरोपी फैजान की तलाश शुरू कर दी है।

# राजनीति में कोई सोच भी नहीं सकता है अपनी कुर्सी किसी को दें-विजयवर्गीय

## पुष्पगिरि में पट्टविभूषण संस्कार महोत्सव में बोले मंत्री

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पुष्पगिरि तीर्थ में पट्टविभूषण संस्कार महोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी शिरकत की। इस दौरान उन्होने आचार्य पुष्पदंत सागर म.सा. का आशीर्वाद लिया और कहा कि यह त्याग केवल संत ही कर सकते है, अपने शिष्य को वक्रचक्रवर्ती की



उपाधि से विभूषित किया और अपनी जगह उन्हें दी। विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि किसी को अपना स्थान देना आसान नहीं होता है, मैं जिस बिरादरी से आता हूं...राजनीति से वहां कोई सोच भी नहीं सकता कि अपनी कुर्सी किसी को दें। मंत्री के इस बयान के राजनीतिक गलियारों में कई मायने खोजे जा रहे है। कुछ लोगों ने तो इस बयान को विजयवर्गीय के खास रमेश मेंदोला के मंत्री न बनने से भी जोड़ लिया है। हालांकि विजयवर्गीय ने धार्मिक मंच पर सामान्य रूप से यह बात कही थी।

### विजयवर्गीय के घर पहुंचे थे जैन संत

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस दौरान आचार्य पुष्पदंत सागर म.सा. को कहा कि गुरुदेव का मुझ पर बहुत आशीर्वाद है। उन्होने यह भी कहा कि सार्वजनिक मंच पर मैं आज पहली बार यह बात बता रहा हूं कि जब मेरी पत्नी को गम्भीर हार्ट अटैक आया था, उस वक्त डॉक्टरों ने भी हाथ टेक दिए थे। इस बात की जानकारी जब आचार्य पुष्पदंत सागर म.सा. को लगी तो वे सोनकच्छ से चलकर सुबह 5 बजे मेरे घर आ गए थे। एक साधक ने मुझे कहा कि सवा किलो लोंग की व्यवस्था कर लेना। इसके बाद मुनिश्री ने विजयवर्गीय के घर में बने सनातन धर्म के मंदिर में साधना की। विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि साधना के परिणाम स्वरुप आज मेरी पत्नी स्वस्थ है।



## चैम्बर का गड्डा दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हरसिद्धि से मच्छी बाजार जाने वाले मेन रोड पर पाइप लाइन डालने के बाद मे चेंबर का बड़ा-सा गड्डा खुला पडा हुआ है, उसके उपर छोटा सा लकड़ी का टुकडा एवं पत्थर रख दिये, बरसात होने पर कभी कोई दुर्घटना हो सकती है।

## पीएम कुसुम योजना को लेकर प्रशिक्षण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पीएम कुसुम योजना अंतर्गत पीवी सोलर इंस्टालेशन, ग्रिड कनेक्टिविटी, योजना क्रियान्वयन, नई तकनीक से परिचय आदि महत्वपूर्ण विषयों पर आरएनटी मार्ग स्थित होटल में बिजली अधिकारियों का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

## युवा व नन्हें पहलवानों के साथ बालिकाओं ने भी दिखाए दांव पेंच



इंदौर। सोमवार को नाग पंचमी के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न अखाड़ों में दंगल का आयोजन हुआ। रविदास व्यायामशाला द्वारा नाग पंचमी के पावन पर्व पर 77वां निःशुल्क बाल कुश्ती दंगल एवं महाआरती का आयोजन किया गया। व्यायामशाला परिसर, रुस्तम का बगीचा में हुए दंगल में शहर के बाल पहलवानों ने भाग लिया। विजेताओं को नगद इनामी राशि, मैडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। दंगल के साथ खड़ी कुश्तियां भी कराई गईं अखाड़े अध्यक्ष मिथिलेश कैमरे ने बताया कि यह परंपरा 77 वर्षों से लगातार चली आ रही है कार्यक्रम में व्यायामशाला के उस्ताद कमल पाल, अध्यक्ष मिथिलेश कैमरे एवं संयोजक हेमंत वर्मा, संतोष वंनपुरया, कमल बंसल, भागीरथ डुबारिया, महेंद्र जोहरी, मुकेश जिरौने, विनोद जाटव, आनंद लखारे, लालाराम छापे उपस्थित थे पहलवान एवं राष्ट्रीय लाठी स्पर्धा मे पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित भी किया गया। इसी तरह चंद्रपाल सिंह उस्ताद व्यायाम शाला में नाग पंचमी पर पर लगभग 87 वर्षो से कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कुश्ती दंगल में बालकों के साथ बालिका वर्ग के पहलवान और जूनियर वर्ग के पहलवानों में आकर्षक दाव पेंच, धोबी दांव, कलाजंग दांव,



फ़िल्ले दांव, सखी दांव, सालतोड़ दांव, जेनेवा दांव, लगाकर कुश्ती प्रेमियों को मंत्र मुक्त कर दिया। सीनियर वर्ग की कुश्ती में यशपाल पहलवान,गौतम ठाकुर, युवराज पाल, अल्ताफ राजा ने अपने-अपने मुकाबले में विजय श्री प्राप्त की। महिला वर्ग में गायत्री निरोल, मोना मुनिया, प्रियांशी जोशी, समीक्षा व तमन्ना मरमत ने अपने-अपने मुकाबले जीते जूनियर वर्ग में मुकाबला में अर्जुन यादव,आशु जैन,अनुज चौधरी,नरसिंह यादव,आयुष ठाकुर ने अपने-अपने मुकाबले में विजय श्री प्राप्त की।

## राखी एडिशन का दो दिवसीय आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 22 और 23 अगस्त को होटल इन्फिनिटी में दो दिवसीय भव्य 'रंगरेज़ा बाई आरंभ' (राखी एडिशन) लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन होने जा रहा है। सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक यह आयोजन चलेगा। एथनिक वियर और डिजाइनर पारंपरिक कपड़ों की रेंज मिलेगी।

## अद्वैत, अबीर, इराज, सृष्टि व अवनी अगले दौर में पहुंचे

इंदौर। रेसीडेंसी क्लब में चल रही आई.आर.सी. ट्रॉफी ओपन मिनी एवं सबजूनियर इंदौर जिला रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी आयु वर्गों के दूसरे दौर के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता व्हिज़स्पोर्ट्स रेसीडेंसी क्लब द्वारा इंदौर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

बालक अंडर-13 एकल के दूसरे दौर के मुकाबलों में अद्वैत पाटीदार वि वि सिद्धार्थ कुशवाह, अबीर गोयल ने यथार्थ सूर्य को 15-12, 15-12 से, इराज बांग ने दिव्यांश पटेल - 15-06, 15-02 से, मोहित इजदीर ने प्रयाग पाटीदार - 15-05, 15-03 से, प्रवीर मुजुमदार ने



निश्चय कुशवाह - 15-05, 15-08 से, कुशाग्र अहिरवार ने गर्वित गुप्ता - 15-08, 15-03 से, अनिरुद्ध ने विरक्त जैन - 15-08, 15-11 से, अर्णव गौर ने कुशाग्र मौर्य - 15-01, 15-05 से, समग्र जैन ने अभिवर्धन जैन - 15-05, 15-01 से, अनय यादव ने अरिग्यम सिंह - 15-05, 15-03 से, तेजस झा ने शिवेंदर सिन्हा को, शाश्वत त्रिपाठी ने जीवांश सिंह - 15-11, 15-08 से, आरव शर्मा ने तनिष्क आहूजा - 15-10, 15-10 से, समर्थ धनोतिया ने सार्थक गुप्ता - 14-16, 15-10, 15-11 से, स्वस्तिक करवाडे ने प्रणव अग्रवाल - 15-01, 15-03 से, हर्षवर्धन राजपूत ने आयुष्मान सिंह - 15-06, 15-07 से हराया। बालिका अंडर-13 एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में अवनी वर्मा ने अवन्या खंडेलवाल को 15-10, 15-06 से, अद्रिका रघुवंशी ने देविका नगायच - 15-10, 15-08 से, जन्नत अहूजा ने सव्या जोशी - 15-05, 15-07 से, दिशि शर्मा ने देलिशा वासवानी को, सान्वी सान्वी ने आरना शुक्ला को, आरिशा जायसवाल ने अनन्या राठौर - 15-04, 15-05 से, निया तेहलानी ने अन्विका ठाकुर - 15-12, 15-04 से, आनवी तिवारी ने वंशिका यादव - 15-04, 15-07 से, तिस्या जैन ने मैत्रेयी पलेजा - 15-04, 15-03 से, दीक्षा आनंदी ने ऐशानी सिंह - 15-11, 12-15, 15-13 से, गिरिजा जाधव ने अनाया बंठिया - 15-03, 15-01 से, आराध्या नेमा ने समृद्धि पटेल से, ध्यानशी गुरसहानी ने इश्मान सलूजा - 15-07, 15-08 से, यर्निका चौरेय ने आरना शर्मा - 15-08, 15-05 से, ओमिशा मेहता ने काव्या हरीश - 15-04, 15-04 से हराया।

## महूनाका कब्रिस्तान की जिम्मेदारी वासिफ करीम चिश्ती संभालेंगे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हज़रत औसाफ़ मोहम्मद चिश्ती का इंतिक़ाल होने के बाद आज सोयम की फातेहाख्वानी की गई। उन्हें महूनाका कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था, बड़ी संख्या में करीबी मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से विदाई दी। हज़रत वासिफ़ करीम चिश्ती ने दुआ की। इस मौक़े पर हज़रत वासिफ़ करीम चिश्ती को हज़रत औसाफ़ मोहम्मद चिश्ती का जानशीन भी ऐलान किया गया।



## मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय मजदूर संघ जिला इंदौर ने कल श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। गंजी कम्पाउण्ड में तीन घंटे तक उद्बोधन और नारेबाजी का आयोजन भी हुआ। हेमराज जारवाल, आशीष सिंह, केदार यादव, जितेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अंगदान-देहदान को लेकर संभाग आयुक्त ने ली बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार ने इंदौर सोसायटी फॉर आर्गन डोनेशन के साथ अंगदान और देहदान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। संभाग आयुक्त ने कहा कि देह और अंग



दान पवित्र कार्य है। इस मामले में इंदौर आगे हैं। इसके लिए प्रदेश और देश में भी जागरुकता का आयोजन किया जाए। यह कार्य पारदर्शिता के साथ समय पर किए जाने की आवश्यकता है। बैठक में संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार, डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. पूर्णिमा गडरिया, डॉ. अशोक यादव, डॉ. डी.के. शर्मा एवं जनक पलटा, डॉ. मनीष पुरोहित, संदीपन आर्य, डॉ. अनिल भंडारी उपस्थित थे।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील राऊ जिला-इन्दौर म.प्र.

क्रमांक 671/री-तह/2026 इन्दौर दिनांक 17/08/2026

**इश्तिहार**

प्रकरण क्रमांक 0908/अ-6/2026-27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्रीमती अमिता पति कृष्णा कुमार मिश्रा 67-68, शिव मंदिर के पास स्वास्तिक नगर इंदौर के द्वारा ग्राम कस्बा इन्दौर स्थिति भूमि सर्वे नं. 581 रकबा 1500 स्क्वेयर फीट है। भूमि के श्रीमती कृष्णा पति पिचोरीलाल दिनांक 06/03/2009 को निधन हो जाने से आवेदक द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अंतर्गत फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र लोकसेवा / ऑनलाइन आवेदन कमांक 0623C18-APP-29068928 के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपको सूचित करने में आता है कि इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 28/08/2026 को लिखित में समय दोपहर 2:00 बजे प्रस्तुत करें बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय मुद्रा से जारी की गई।

तहसीलदार
तहसील राऊ, जिला-इन्दौर

# पीवी सिंधु की वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार जीत



**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में सोमवार को आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ 21-7, 21-11 से जीत हासिल करते हुए विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई। अब भारतीय खिलाड़ी का सामना राउंड ऑफ 32 में कनाडा की दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी वेन यू झांग से होगा।

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में वर्ल्ड नंबर 9 खिलाड़ी के सामने, वर्ल्ड रैंकिंग में 141वें स्थान पर मौजूद आयरिश खिलाड़ी लगभग तुरंत ही दबाव में आ गईं। सिंधु ने मैच की शुरुआत में ही तेजी दिखाई और नोबल के खेल में जमने से पहले ही 8-0 की बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के अनुभव में अंतर साफतौर पर नजर आ रहा था। साल 2019 में बेसल में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाली 31 साल की सिंधु ने रैलियों पर नियंत्रण रखा और 21 साल की आयरिश खिलाड़ी को कोई भी लगातार लय हासिल नहीं करने दी। नोबल ने आखिरकार अपना खाता खोला, लेकिन शुरुआती बढ़त ने पहले गेम पर सिंधु की पकड़ मजबूत कर दी थी और भारतीय खिलाड़ी ने इसे 21-7 से जीत लिया। नोबल दूसरे गेम में ज्यादा संयम के साथ लौटीं और पहले हाफ में सिंधु के करीब बनी रहीं। इंटरवल तक वह भारतीय खिलाड़ी से सिर्फ तीन अंक पीछे थीं, जिससे संकेत मिल रहा था कि मुकाबला और कड़ा हो सकता है। हालांकि, सिंधु ने जल्द ही खेल पर फिर से अपना दबदबा बना लिया।

इंटरवल के बाद भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गति बढ़ाई और अगले 13 में से 10 अंक जीतकर निर्णायक बढ़त बना ली, जिससे नोबल के लिए मैच में वापसी का कोई रास्ता नहीं बचा। 2016 ओलंपिक में सिल्वर और 2020 ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली 31 साल की भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम आसानी से 21-11 से जीतकर अपने 10वें वर्ल्ड चैंपियनशिप अभियान की शानदार शुरुआत की।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत को मिली हार, अब पाकिस्तान से होगा सामना

**नई दिल्ली ● एजेंसी**



भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया हॉकी वर्ल्ड कप मुकाबला बेहद रोमांचक और हाईवोल्टेज साबित हुआ। शुरुआत से अंत तक चले कांटे की टक्कर वाले इस मैच में इंग्लैंड ने भारतीय डिफेंस की चूक का पूरा फायदा उठाते हुए 4-2 से बाजी मार ली। पहले क्वार्टर में पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरे क्वार्टर में शानदार वापसी की थी लेकिन तीसरे और चौथे क्वार्टर में इंग्लैंड के आक्रामक तेवरों के सामने भारतीय टीम अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सकी।

मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने सतर्क शुरुआत की, लेकिन इंग्लैंड ने एक जबरदस्त काउंटर-अटैक पर गोल दागकर बढ़त हासिल कर ली। हूपर के लॉन्ग एरियल पास को स्टुअर्ट रशमियर ने बेहतरीन तरीके से कंट्रोल किया और निकोलस बांदुराक की तरफ बढ़ाया, जिन्होंने बिना कोई गलती किए गोलकीपर मोहित को चकमा देकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया और इंग्लैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अलग ही आक्रामक तेवर दिखाए। 17वें मिनट में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने ड्रैग-फ्लिक से बाएं कोने में रॉकेट जैसा शॉट दागकर भारत को 1-1 की बराबरी दिला दी। बराबरी के बाद भारत का दबाव बना रहा और 25वें मिनट में हार्दिक और अभिषेक के बेहतरीन तालमेल के बदौलत दिलप्रीत सिंह ने आसान सा टैप-इन करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी जिसे भारत ने हाफ-टाइम तक बरकरार रखा।

### अब पाकिस्तान से सामना

19 तारीख को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मुकाबला भारत के लिए 'करो या मरो' का मैच है, जहां जीत ही टीम को अगले क्लासिफिकेशन दौर में पहुंचा सकती है।

# वॉलीबॉल और शतरंज का रोमांच आज से

**इंदौर।** देशभर के खिलाड़ी अपने बाजुओं के साथ दिमागी ताकत का लोहा मनवाने इंदौर में इकट्ठा होंगे। देश की प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी वॉलीबॉल और शतरंज स्पर्धा आज से एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित होगी। वॉलीबॉल स्पर्धा में जहां खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता की परीक्षा होगी वहीं शतरंज की बिसात पर दबाव के क्षणों में निर्णय लेने की क्षमता का परिचय होगा। स्पर्धा अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खेली जाएगी। स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ मंगलवार को सुबह के सत्र में स्कूल के निदेशक मुकेश सिंह के आतिथ्य में होगा। समापन और पुरस्कार वितरण 20 अगस्त को होगा। देशभर से आ रहे खिलाड़ी इंदौर से बेहतरीन अनुभव लेकर लौटें, यह भी हमारी प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए दोनों ही स्पर्धाओं के मुकाबले इनडोर हॉल में होंगे। स्पर्धा का संचालन योग्य रेफरी और निर्णायकों की निगरानी में किया जाएगा। खेल अधिकारी अकरम खान ने बताया कि आइपीएससी राष्ट्रीय वालीबॉल स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों के चुनिंदा स्कूलों की टीमें चुनौती पेश करती हैं। टूर्नामेंट के दौरान करीब 300 खिलाड़ी इंदौर में मौजूद रहेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में खेली जा रही शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में द्वितीय दिवस अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग हर्षित गढ़वाल, हर्षित तोलानी, नमन पाटिल, रौनक नवाले, यश अनुजा, रुद्र प्रताप, अक्षय बामारिया, सिद्धार्थ तोलानी, रीदम खंडेलवाल, आर्यन सिंघ ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। अंडर 17 बालिका वर्ग में अनुकृति पाटीदार, नमिता पाल, आस्था दुबे, गीतांशी सिलावट, नियती पाण्डे, तनीषा सुसनेर, देवश्री यादव, जागृति बन, आरना बाथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय खेल अधिकारी संजय मिश्रा, प्रशांत महंत व विकास सिमरैया ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# आर्यांशी जैन ने जीते दो स्वर्ण पदक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पब्लिक स्कूल में चाईल्ड एंड मिनी डिस्ट्रिक्ट फेंसिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई जिसमें 8 स्वर्ण, 3 रजत, 7 कांस्य कुल 18 पदक जीत कर प्रतिभाशाली ज्ञानोदय विद्यापीठ के तलवारबाज ओवरऑल चैंपियन बने वहीं अल हिरा पब्लिक स्कूल 15 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मेजबान श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल 5 स्वर्ण सहित 9 पदक जीत कर तीसरे स्थान पर रहा। इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव मास्टर सईद आलम, विकास शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रोहित अमरवंशी थे।

# स्कूल के कूडो खिलाड़ियों को स्वर्णिम सफलता




**इंदौर।** जिला कूडो ऐसोसिएशन द्वारा बनवारी लाल जाजू सभागृह माहेश्वरी विद्यालय छत्रीबाग इंदौर में आयोजित इंदौर जिला कूडो चैंपियनशिप में पोथन्स पब्लिक स्कूल के कूडो खिलाड़ीयो का शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक, ,8 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। नायरा जिराती, सृष्टि चौधरी, विनीता चौहान सपेक्षा चौधरी, वेदांश जिराती, सक्षम पटेल, रौनक चौहान, देवराज बामनिया श्रीयांशु राठौर ने स्वर्ण पदक जीते। साक्षी चौधरी, आराध्या जिराती, प्रियांशी पटेल,वनराज दुबे, निकुंभ शर्मा, अंशराज सोलंकी, लव मौर्य, दर्शन चौधरी ने रजत पदक तथा उर्वशी शर्मा, दीक्षा सोलंकी, प्रिन्स शर्मा ने कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदर्श शुक्ला, अमर हार्डिया, जया बैरागी, राजेन्द्र सिंह सिसौदिया ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी।

# इतनी ज्यादा टर्न, मानव ने सभी को पीछे छोड़ा




**गाले।** भारतीय टीम ने आगे टेस्ट की पहली पारी में श्रीलंका को 284 रनों पर समेट दिया। इसमें सबसे बड़ा योगदान मानव सुथार का रहा। टीम में रविंद्र जडेजा के होने के बाद भी भारत ने दूसरे बाएं हाथ के स्पिनर को मौका दिया। मानव ने अपने स्पेल में 76 रन देकर 4 विकेट लिए। वह पारी में भारत के सबसे सफल गेंदबाज भी रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले मानव सुथार का यह दूसरा ही टेस्ट मैच है। उन्होंने अपनी पहली ही गेंद पर अनुभवी दिनेश चांडीमल को आउट कर दिया।

भारत के युवा बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह टीम इंडिया के लिए भविष्य के बड़े स्पिन गेंदबाज बन सकते हैं। उनकी गेंदों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और विकेट पर मौजूद टर्न का उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। सुथार की गेंदबाजी की सबसे खास बात यह रही कि उनकी 74 प्रतिशत गेंदों पर 4.5 डिग्री से ज्यादा टर्न देखने को मिला, जो मैच में अब तक किसी भी स्पिनर से सबसे ज्यादा है। इस सूची में श्रीलंका के केशारा नुवांथा दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रविंद्र जडेजा तीसरे नंबर पर रहे। मैच के बाद मानव सुथार ने अपनी सफलता का क्रेडिट बीसीसीआई की बेंगलुरु स्थिति सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मिली तैयारी को दिया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अफगानिस्तान के साथ हुए टेस्ट मैच के बाद मैं कूकाबुरा बॉल से प्रैक्टिस कर रहा था। इसलिए मेरा प्लान बहुत सिम्पल था अच्छी जगहों पर, सही लेंथ और सही स्पीड से गेंदबाजी करना। यहां की पिच पर थोड़ा बाउंस भी मिलता है, इसलिए सही लाइन पर गेंदबाजी करना जरूरी हो जाता है।

# चेन्नई में हुआ ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड आयोजन

**इंदौर।** चेन्नई में 16 अगस्त को एक ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड आयोजन हुआ, जिसमें वॉरियर जर्नी डोजो, इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड बनाने में अपना योगदान दिया और रिकॉर्ड बना दिया । इस आयोजन के साथ भारत के नाम एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हुआ, जो देश के लिए बेहद गर्व की बात है।

इंदौर से करण साहू, हरिओम परमार, पार्थ बोरकर, हिमांशु पुरे, श्रजल महावर, वैष्णवी बोरकर, मानसी चौरसिया, महिमा मालवीय और आर्या सोनी ने कराटे चॉप

**इंदौर की टीम ने रचा इतिहास**



रूटीन में भाग लेकर इस रिकॉर्ड को बनाने में अपना योगदान दिया। सभी ने शानदार तालमेल और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करते हुए इंदौर और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर डब्ल्यूजेकेएफआई अध्यक्ष प्रशांत सरीन, महासचिव तौहीद अंसारी, मध्यप्रदेश स्टेट हेड हरिओम परमार, हेड कोच जसप्रीत सिंह, इंदौर शाखा के कोच एवं इंस्ट्रक्टर करण साहू तथा दीपी सरीन, रघु चाचा और रवि नागवंशी ने सभी को बधाई दी। भारत के नाम एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड और इस इतिहास को बनाने में इंदौर की टीम की भी अहम भूमिका रही।

# 10 साल का बेटा मरने का नाटक नहीं करता तो चली जाती जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कनाड़िया थाना क्षेत्र के झलारिया गाँव में देर रात सनसनी फैल गई जब 10 वर्षीय अजय ने आकर कहा कि उसे पिता ने तालाब में फेंक दिया था, वहीं अपनी मां और बहन के साथ हुई वारवाद की भी जानकारी पुलिस की एफआरवी को ग्रामीणों के साथ दी। छोटी उम्र में जान बचाने के लिए बड़ी बहादुरी दिखाने वाले अजय ने खुद को बचा लिया लेकिन अपनी बहन को बचाने में नाकाम रहा।**

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी सुनील अपनी पत्नी अनिता के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। कल दिन में भी आरोपी का अपनी पत्नी से विवाद हुआ। इसके बाद रात में आरोपी सुनील अपनी पत्नी को घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में ले गया, जहाँ उसने चाकू से वार कर और गला घोंटकर अनिता को मौत के घाट उतार दिया। सुनील मूल रूप से देवास जिले के कांटाफोड का रहने वाला है, हालांकि वह बीते करीब 18 साल से इन्दौर में ही रह रहा है। उसके परिजन लसूडिया क्षेत्र के बापू गांधीनगर में रहते है।



## अजय की सूझबूझ-बहादूरी काम आई

**इस खौफनाक वारदात के दौरान 10 साल के मासूम बेटे अजय ने गजब की सूझबूझ दिखाई। उसने तालाब के पानी में पिता के सामने डूबने और मरने का नाटक किया। आरोपी पिता जब यह समझकर वहाँ से चला गया कि दोनों बच्चे मर चुके हैं, तब अजय ने मौका मिलते ही हिम्मत जुटाकर खुद को तैरकर बाहर निकाला। बाहर आकर अजय ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ग्रामीणों को दी, जिसके बाद इस खौफनाक वारदात का पर्दाफाश हुआ।**

## 'मां बुला रही है' कहकर बच्चों को ले गया तालाब

पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी पति वापस घर लौटा और अपने 13 वर्षीय बेटी माही और 10 वर्षीय बेटे अजय से कहा कि 'तुम्हारी माँ बुला रही है।' इसके बाद वह दोनों मासूम बच्चों को लेकर हिंगोनिया तालाब पहुँचा। वहाँ पहुँचते ही निर्दयी पिता ने बेटी माही का गला घोंटकर उसे पानी में फेंक दिया और बेटे अजय को भी तालाब में धकेल दिया।

## एसडीआरएफ ने रात 3 बजे निकाला बच्ची का शव

घटना की सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस बल और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुँचे। तालाब में डूबी बच्ची की तलाश के लिए एसडीईआरएफ की रेस्क्यू टीम को बुलवाया गया। घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद देर रात 3 बजे रेस्क्यू टीम ने 13 वर्षीय माही के शव को तालाब से बाहर निकाला।

## आरोपी पुलिस हिरासत में

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता सुनील को हिरासत में ले लिया है। मृतका अनिता और मासूम माही के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और मामले से जुड़ी अन्य वैधानिक कार्यवाहियों को पूरा करने में जुटी है।

## आरोपी भी करने वाला था आत्महत्या

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी भी आत्महत्या करने वाला था लेकिन इसके पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# फ्लैट का ताला तोड़कर अलमारी से 2 लाख रुपये साफ, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तिलक नगर थाना क्षेत्र में बंगाली चौराहे के पास स्थित एक बहुमंजिला इमारत में अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े एक सूने फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे दो लाख रुपये नगद समेटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित की शिकायत पर तिलक नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहा स्थित खनक विहार अपार्टमेंट में रहने वाले फरियादी डार्सल जैतवार पिता युगल किशोर जैतवार मूल निवासी ग्राम रमरमा, तहसील बारासिवनी, जिला बालाघाट ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि जब वह अपने घर से बाहर गए हुए थे, उसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके सूने फ्लैट को निशाना बनाया। बदमाशों ने मुख्य दरवाजे पर लगा ताला तोड़ा और घर के अंदर प्रवेश कर अलमारी का लॉक तोड़ दिया। अलमारी में रखे नकदी 2 लाख रुपये चोरी कर बदमाश मौके से फरार हो गए। जब फरियादी वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तिलक नगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जिलाबदर होने के बावजूद क्षेत्र में घूम रहा था पुलिस ने दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूडिया थाना पुलिस ने गुंडे-बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे निगरानी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के एक कुख्यात जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी तीन महीने की जिलाबदर अवधि का उल्लंघन कर चोरी-छिपे शहर में घूम रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा और उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान लसूडिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र का



शातिर और जिलाबदर बदमाश अजय उर्फ भोला पिता सुरेश पठोते निवासी राहुल गांधी नगर जिलाबदर की अवधि का उल्लंघन करते हुए राहुल गांधी नगर चौराहे पर स्थित एक डेयरी के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को धरदबोचा। पकड़ा गया आरोपी लसूडिया थाने का सूचीबद्ध व शातिर बदमाश है, जिसके खिलाफ लसूडिया सहित इंदौर शहर के विभिन्न थानों में अड़ीबाजी, लूट, अवैध हथियार रखने और मारपीट जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसकी लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस कमिश्नर को प्रतिवेदन भेजा गया था, जिस पर आदेश जारी करते हुए आरोपी को 3 महीने के लिए इंदौर जिले की राजस्व सीमाओं से जिलाबदर किया गया था। बिना किसी वैध अनुमति के शहर में घूमते पाए जाने पर लसूडिया थाना पुलिस ने आरोपी अजय उर्फ भोला के खिलाफ धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्वाई शुरू कर दी है।

# रास्ते में रोककर गाली-गलौज, फिर स्कूटर से ले जाकर गाय के बाड़े में पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के नगीन नगर में बदमाशों द्वारा एक युवक को बीच रास्ते रोककर गाली-गलौज करने और फिर जबरन स्कूटर पर बैठाकर गाय के बाड़े में ले जाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपी और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, परिहार कॉलोनी निवासी फरियादी आशुतोष पिता छतर सिंह 16 अगस्त की शाम नगीन नगर स्थित सिटी स्टार स्कूल के सामने से गुजर रहा था तभी आरोपी पृथ्वी वर्मा निवासी विजयश्री नगर अपने साथी के साथ आया और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी जबरदस्ती पीड़ित को अपने स्कूटर पर बैठाकर मारुति पैलेस के पास स्थित एक गाय के बाड़े में ले गए। वहां आरोपियों ने डंडों से उसकी जमकर पिटाई की, जिससे उसके पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# ढाबे पर गाड़ी का नंबर देख किया हमला, 9 युवकों से मारपीट कर कार में की तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रीजनल पार्क स्थित पिंड पंजाब ढाबे पर खाना खाने आए युवकों की गाड़ी का नंबर देखकर कुछ बदमाशों ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों, चमचों और झारे से युवकों पर हमला कर दिया और उनकी कार में जमकर तोडफोड़ की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से भिंड रोड (ग्वालियर) निवासी तथा वर्तमान में इंद्रपुरी कॉलोनी इंदौर में रह रहे फरियादी निर्देश सिंह पिता रामनिवास सिंह घुरैया ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। निर्देश ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ रीजनल पार्क स्थित पिंड पंजाब ढाबे पर गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद आरोपी हरदीप, सत्यम और उनके अन्य साथियों ने उनकी कार क्रमांक एमपी 06 टीए ऊँ 1122 का नंबर देखा। नंबर देखकर आरोपी कहने लगे कि तुम लोग भिंड-मुरैना के हो, दो दिन पहले तुम्हारे क्षेत्र के लोगों ने हमारे यहां झगड़ा किया था। जब पीड़ितों ने उस विवाद से अपना कोई संबंध न होने की बात कही, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी हरदीप, सत्यम और उनके साथियों ने पीड़ित की कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे कार के बाएं और पीछे के गेट, ब्रेक लाइट तथा शीशे पूरी तरह टूट गए। इसके बाद आरोपियों ने डंडों, बड़े चमचों और झारे से हमला कर दिया। हमले में निर्देश सिंह के दोनों पैरों, दाहिने हाथ व उंगलियों में चोट आई है, जबकि उसके साथी अनिकेश, लाखन, शैलेश, शिवा, राहुल, गगन, मयंक और मनीष भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जाते-जाते बदमाश जान से मारने की धमकी दे गए। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।